दैनिक

पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 214 | ग्वालियर गुरुवार, 25 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

न्यूज ट्रैक

अधिकारियों के थोकबंद तबादले, 55 को मिली नवीन पदस्थापना, आदेश जारी,

प्रदेश में तबादले का दौर जारी है। बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारियों को इधर से उधर किया जा रहा है। -राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बाद अब बड़े स्तर पर अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। 55 अधिकारियों को नवीन पदस्थापना सौंपी गई है। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।बिहार में 55 डीएसपी के तबादले किए गए हैं। बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार की किरकिरी हो रही है। बढ़ते अपराध की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारियों को नवीन पदस्थापना सौंपी गई है। इसके लिए आदेश जारी किए गए हैं।

मस्टर कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी, 3 से 5 हज़ार तक बढेगा वेतन

नगर निगम में वर्ष 2007 से 2016 के बीच नियुक्त किए गए लगभग 1900 इंदौर नगर निगम में कार्यरत पुराने मस्टर कर्मचारियों को जुलाई माह से वेतन बढ़ा कर दिया जाएगा। या वेतन वृद्धि 2007 से 2016 के बीच नौकरी पर आए मास्टर कर्मचारियों को दी जाएगी। निगम के करीब 400 कर्मचारियों को जुलाई से 3000 से 4000 रुपए प्रतिमाह वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा।इंदौर नगर निगम में हजारों की तादाद में मस्टर कर्मचारी कार्यरत हैं। इन्हें केवल 7 से 10 हज़ार रुपए प्रतिमाह का भुगतान नगर निगम द्वारा किया जाता है। नगर निगम में कार्यरत ऐसे मास्टर कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2007 से वर्ष 2016 के बीच हुई थी और उन्हें नियमितीकरण का लाभ नहीं मिला है उन्हें नगर निगम द्वारा जुलाई से वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। स्थापना विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम में वर्ष 2007 से 2016 के बीच नियुक्त किए गए लगभग 1900 ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्हें इस वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। जबकि 2000 से अधिक सफाई कर्मचारी भी हैं, उन्हें भी वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार वेतन वृद्धि के बाद कर्मचारियों को प्रतिमाह 13,000 से 15,000 रुपए हो जाएगा।मास्टर कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन होने के कारण पहले स्पेशल बता दिया जाता था। 500 से 1000 रुपए प्रति माह मिलने वाला यह भत्ता पिछले कई महीनों से बंद है। अब कर्मचारियों का वेतन बढ़ने से उन्हें राहत मिलेगी

महाकाल की तर्ज पर इंदौर में बनेगा देवी अहिल्या लोक, स्मार्ट सिटी कंपनी ने की तैयारी, आर्टिटेक्ट की तलाश

इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा राजवाड़ा क्षेत्र में देवी अहिल्या लोक के लिए आर्टिटेक्ट कंसलटेंट की तलाश है। देवी अहिल्या लोक के लिए कंपनी द्वारा लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, इसके लिए 2 माह में डिजाइन तैयार करवाना है।उज्जैन में बनाए गए महाकाल लोग की तर्ज पर इंदौर में भी राजवाड़ा क्षेत्र में देवी अहिल्या लोग बनाया जाएगा इसके लिए स्मार्ट स्मार्ट सिटी कंपनी ने तैयारी कर ली है। लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले देवी अहिल्या लोक की प्लानिंग और डिजाइन के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी को आर्टिटेक कंसलटेंट की तलाश है।स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ दिव्यांक सिंह के अनुसार, प्लानिंग डिजाइन और सुपर विजन के लिए आर्टिटेक हायर करने के बाद 2 माह में इसकी डिजाइन बनवा कर काम शुरू करवा दिया जाएगा। और अगले 2 साल में देवी अहिल्या लोक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आर्टिटेक्ट नियुक्त करने के लिए कंपनी ने टेंडर जारी किया है तथा अगस्त तक डिज़ाइन बनकर तैयार हो जाएगी।।

महिला का शव मिलने से फैली सनसनी, जाँच में जुटी पुलिस



जबलपुर के पाटन में आज तड़के सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई, महिला का नाम प्रीति बर्मन बताया जा रहा है जो कि मंगलवार की दोपहर से अपने घर से लापता थी, आज त?के सुबह पाटन थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला के जंगल में महिला का शव मिला। महिला के शरीर में कई चोट के निशान भी पाए गए हैं, जबकि उसका मंगलसूत्र भी टूटा हुआ मिला है। सूचना मिलने के बाद पाटन थाना पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।जानकारी के मुताबिक, प्रीति बर्मन का करीब 8 साल पहले लमहेटा घाट में रहने वाले हरिओम बर्मन से विवाह हुआ था मृतका की एक 7 साल की बेटी भी है। कुछ दिनों से प्रीति बर्मन अपने मायके में ही रह रही थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर किराना का सामान लेने के लिए वह पाटन गई थी और फिर उसके बाद लौट कर घर नहीं पहुंची इसके बाद परिवार वालों ने काफी देर तक उसे तलाश किया और फिर मंगलवार की रात को उसकी गुमशुदगी की शिकायत की।

सीएम की महत्वपूर्ण घोषणा, हितग्राहियों को मिलेगा लाभ, अब हर महीने खाते में आएगी पेंशन की राशि, आदेश जारी

हितग्राहियों के लिए बड़ी खबर है। उन्हें हर महीने पेंशन का लाभ मिलेगा। सीएम द्वारा इसका ऐलान किया गया था। जिसके बाद अब आदेश जारी किया गया है। पूर्व में इन योजनाओं में त्रैमासिक आधार पर पेंशन का भुगतान करने का प्रावधान था। हर महीने हितग्राहियों को पेंशन राशि उपलब्ध कराई जाएगी।उत्तराखंड सरकार द्वारा हर वर्ग के विकास के लिए लगातार नवीन पहल की जा रही है। वहीं हर वर्ग की वित्तीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा बड़ी घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हितग्राहियों को राहत देते हुए कहा था कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था विधवा दिव्यांग पेंशन योजना में लाभार्थी को हर महीने पेंशन राशि का भुगतान किया जाएगा।इस संबंध में सरकार द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने आदेश जारी किया है। पहले इन योजनाओं में त्रैमासिक आधार पर पेंशन का भुगतान किया जाता था।वही समाज कल्याण के पेंशन योजना में लाभार्थी

को पेंशन भुगतान करने के लिए भले ही त्रैमासिक व्यवस्था का प्रावधान था लेकिन इन्हें छह छह महीने तक राशि उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। ऐसे में लाभार्थियों को विभागीय कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। जब यह मामला मुख्यमंत्री के समक्ष पहुंचे मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे।अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि समाज कल्याण के पेंशन योजना में पेंशन का भुगतान मासिक आधार पर करते हुए लाभार्थियों के बैंक खाते में के माध्यम से इसका भुगतान सुनिश्चित किया जाए। ष्टरूने साफ कहा था कि लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि समस्या को समाधान किया जाए।वही सीएम के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने आदेश जारी किए गए। इसके अनुसार इसी महीने से यह व्यवस्था लागू होगी। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग और जनजाति कल्याण के निदेशकों को निर्देश भी दिए गए हैं। लाभार्थी को पेंशन भुगतान के मद्देनजर सीएफएमएस में आवश्यक संशोधन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए हैं

राशन कार्ड धारकों के लिए अच्छी खबर, मिलेगा मुफ्त राशन का लाभ, अतिरिक्त अनाज पर अपडेट, सरकार की नई तैयारी, कलेक्टर्स को निर्देश

राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ी खबर है। प्रदेश में पंजीकृत राशन कार्ड धारक और सभी सदस्य के लिए आधार नंबर प्रस्तुत करने की समय सीमा को 30 जून तक के लिए निर्धारित किया गया है। इस मामले में विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। वही पत्र लिखकर कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।छत्तीसगढ़ में पंजीकृत राशन कार्ड सभी सदस्यों के आधार नंबर प्रस्तुत करने की समय सीमा 30 जून रखी गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर आदेश दिया गया। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की अधिसूचना द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले हितग्राही को आधार नंबर प्रस्तुत करने के लिए 30 जून तक का समय दिया गया है। जिले के पंजीकृत सदस्य के आधार पर निर्णय के अनुसार प्राप्त करना में आधार सीडिंग की कार्रवाई को पूरा किया जाए।

किसानों का इंतजार जल्द होगा खत्म, इस दिन खाते में आएंगे 14वीं किस्त के 2000!

नियम के तहत, पहली किस्त 1 अप्रैल से 31 जुलाई के बीच, दूसरी 1 अगस्त से 30 नवंबर और तीसरी 1 दिसंबर से 31 मार्च के बीच आती है, ऐसे में संभावना है कि 14वीं किस्त का पैसा मई के अंत तक या जून के पहले सप्ताह में कभी भी जारी किया जा सकता है।10 करोड़ किसानों के लिए खुशखबरी है। पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इसी महीने के अंत में 14वीं किस्त के 2000-2000 रुपए जारी हो सकते है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 मई से लेकर 31 मई के बीच कभी भी केन्द्र सरकार 14वीं किस्त की राशि ट्रांसफर कर सकती है। हालांकि

फाइनल डेट को लेकर सरकार की तरफ से आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।दरअसल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केन्द्र की एक बड़ी योजना है। इसके तहत करोड़ों लाभार्थी किसानों को सालाना 6000 रुपए दिए जाते है। यह राशि 3 किस्तों में हर 4 महीने में खातों में 2000-2000 रुपये के रुप में ट्रांसफर की जाती है। नियम के तहत, पहली किस्त 1 अप्रैल से 31 जुलाई के बीच, दूसरी 1 अगस्त से 30 नवंबर और तीसरी 1 दिसंबर से 31 मार्च के बीच आती है, ऐसे में संभावना है कि 14वीं किस्त का पैसा मई के अंत तक या जून के पहले सप्ताह में कभी भी जारी किया जा सकता है

5वीं-8वीं छात्रों के लिए बड़ी खबर, राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश जारी, 5 जून को संशोधित परीक्षा परिणाम

मध्य प्रदेश के कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। हाल ही घोषित कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा परिणामों में कुछ बच्चों का रिजल्ट इस कारण से फेल कैटेगरी में आया है कि उनके स्कूल के द्वारा अर्धवार्षिक या प्रोजेक्ट के अंको की इन्ट्री नही की गई। इस स्थिति के तहत बच्चों के भविष्य को दृष्टिगत रख राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा इन अंकों की प्रविष्टि 27 मई तक पूर्ण करने के निर्देश स्कूलों को दिए हैं।इस संबंध में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने बताया कि अनेक शालाओं द्वारा छात्रों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि पोर्टल पर नहीं की गई है, जिस कारण

से अनेक छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। अतः विद्यार्थी हितों को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी शालाओं के लिए दिनांक 23 मई 2023 से 27 मई 2023 की अवधि में अर्द्धवार्षिक एवं प्रोजेक्ट के अंकों की प्रविष्टि शाला स्तर से किए जाने की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। जिन शालाओं द्वारा अर्द्धवार्षिक एवं प्रोजेक्ट के अंको की प्रविष्टि पोर्टल पर पूर्व में की जा चुकी है उसमें संशोधन करने की सुविधा प्रदाय नहीं की जा रही है।सिंचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि, परीक्षा परिणामों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर पाया गया है कि कुछ छात्र एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हैं जबकि शेष विषयों में उत्तीर्ण हैं। ऐसे प्रकरणों में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मूल्यांकन या पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि में कोई विसंगति हुई हो। ऐसी संभावित गलतियों के कारण छात्रों का अहित न हो, इस उद्देश्य से राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे समस्त छात्र जो केवल एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हुए हैं उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का अनिवार्य पुनर्मूल्यांकन/अंकों की पुनर्गणना/पुनर्प्रविष्टि की जाये

शिवराज कैबिनेट के 4 बड़े फैसले

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 4 बड़े फैसले लिए गए। इसमें नव-गठित निवाड़ी जिले के लिए पदों के सृजन की मंजूरी मिली है। मध्यप्रदेश सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति नियम में परिवर्तन किया गया है।इसके अलावा पुनर्वास आयुक्त के एक अस्थाई पद की समय अवधि 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2027 तक बड़ाने का निर्णय लिया, वही कैबिनेट ने राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ का गठन किए जाने का अनुमोदित किया है।मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति नियम, 2017 के नियम 11 (3) के बाद परंतुक स्थापित करने का निर्णय लिया।

संशोधन के अनुसार ÷परन्तु यह कि राज्य शासन विशिष्ट प्रकरण में उपरोक्तानुसार उल्लेखित एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देने की शर्त को शिथिल कर सकेगा।÷ उल्लेखनीय है कि सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति संबंधी नियम-2017 के नियम 11(3) के प्रावधान अनुसार संविदा नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व की सूचना अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त किए जाने का प्रावधान थामंत्रि-परिषद ने पुनर्वास आयुक्त के 1 अस्थाई पद की समय अवधि 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2027 तक बड़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 से बी.सी.ओ. पुनर्वास आयुक्त कार्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमुख राजस्व आयुक्त राजस्व विभाग के बी.सी.ओ. 0709 में मर्ज किया जाएगा।नव-गठित निवाड़ी जिले के लिए विभिन्न संवर्गों के कुल 12 पदों में से 9 पदों को जिला टीकमगढ़ से रिडिप्लायमेंट से उपलब्ध कराने और 3 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

अनूपपुर में बीजेपी को झटका, महामंत्री अखिलेश कुमार द्विवेदी ने दिया पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

अनूपपुर जिले में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के जिला महामंत्री अखिलेश कुमार द्विवेदी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने पार्टी में चापलूसी और धन को तवज्जो दिए जाने का आरोप लगाया है। उनके इस्तीफे की जिला अध्यक्ष ने पुष्टि कर दी है।दो दिन पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा अनूपपुर जिले के प्रवास पर थे। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात की और इसके साथ ही पार्टी को संगठित करने और मजबूत करने का मंत्र भी दिया। लेकिन इस दौरान उनकी एक बैठक से पार्टी के जिला मंत्री अखिलेश कुमार द्विवेदी नदारद दिखे। वजह पूछने पर कोई स्पष्ट कारण पता नहीं चला, लेकिन वीडी शर्मा के अनूपपुर से जाते ही अखिलेश कुमार

द्विवेदी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे का खत जिला अध्यक्ष को भेज दिया। अपने पत्र में द्विवेदी ने पार्टी पर खुलकर आरोप लगाए और कहा कि अब पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं का तिरस्कार और अपमान हो रहा है और उसकी जगह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, धन और चापलूसी को तवज्जो दी जा रही है। अखिलेश कुमार द्विवेदी ने अपने इस्तीफे में क्या लिखा, भारतीय जनता पार्टी के समस्त दायित्व व प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के संबंध में।विषयांतर्गत लेख है कि मैं अखिलेश कुमार द्विवेदी भारतीय जनता पार्टी में बाल्य काल से बूथ में चुनाव अभिकर्ता से लेकर जिला महामंत्री के साथ-साथ पार्टी के द्वारा दिये गये दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने का प्रयास किया हूँ। मैंने सदैव पार्टी को अपने परिवार एवं अपने व्यवसाय के ऊपर प्राथमिकता दिया है, किन्तु आज भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश से लेकर जिला तक पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उपेक्षा, तिरस्कार व अपमानित करने का क्रम लगातार चल रहा है। आज पार्टी में निष्ठा और कार्य का स्थान ए. व्ही. बी. पी. का प्रमाण पत्र. चापलूसी एवं धन का होना ने ले लिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेसियों में फूंकी जान, सिखाया जीत का मंत्र

कार्यकर्ताओं से बोले राजनीतिक द्वेष पूर्ण प्रकरण सरकार बनने के बाद वापस लिए जाएंगे

इन्दौर। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी अब जोर पक?ने लगी है और सत्ता में वापसी के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी मैदान पकड़ लिया है। 2018 की तरह इस बार भी उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए कल सागर में सेक्टर और मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई।सांवेर विधानसभा में दिग्विजय सिंह ने मंडलम, सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक दिग्विजय सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता को मौका दिया जाएगा, लेकिन कोई भी किसी उम्मीदवार का नाम ना लें और ना ही किसी की बुराई करें। किस तरीके से कांग्रेस मजबूत हो वह बात रखें। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि सांवेर के कांग्रेसियों पर झूठे द्वेष पूर्ण मुकदमे लादे गए। उन्होंने कहा कि किसी के साथ में अन्याय हुआ है तो उसकी फाइल बनाकर जिला कांग्रेस को दे। जिला कांग्रेस हमें भोपाल भेजेंगी। हम वहां से जिला कोर्ट, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक भी आपकी लड़ाई लड़ेंगे।

नरोत्तम मिश्रा का कांग्रेस पर तंज, कहा 'बर्बाद कांग्रेस करने को एक ही डीके काफी हैं'

कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस उसे मध्य प्रदेश में भी दोहराना चाहती है। चर्चा है कि कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की मध्य प्रदेश में भी एंट्री होने वाली है। इस बात पर गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने तंज कसा है। उन्होने कहा कि यहां तो पहले से ही डीके हैं और कांग्रेस को बर्बाद करने के लिए ये ही काफी हैं।नरोत्तम मिश्रा ने चुटकी लेते हुए कहा कि 'मध्य प्रदेश में डी यानी दिग्विजय सिंह और के मतलब कमलनाथ पहले से मौजूद हैं। बर्बाद कांग्रेस करने को ये ही डीके काफी हैं, बाहर के डीके आ जाएंगे तो अंजामे-कांग्रेस क्या होगा।' उन्होने नसीहत देते हुए कहा कि कमलनाथ जी को विश्वास करना है तो उस डीके पर न करें बल्कि उनके वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, अरूण यादव, कांतिलाल भूरिया जैसे लोग घर बैठे हैं,

ऐसे प्रशिक्षणो से छात्र छात्रो में नवीन ऊर्जा का संचार होता है-अभय

जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा छात्र छात्राओं को निशुल्क मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दतिया-जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दतिया के पीतांबरा पब्लिक स्कूल में सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक किया जा रहा है।जिसमें कराटे, जुजित्सु, जुडो, कुस्ती, कजाक कुरेश, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक मयंक गौतम व उनकी टीम के द्वारा सिखाया जा रहा हैं।इस अवसर पर बुधवार दिनांक 24 मई 2023 को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दतिया के लोकप्रिय समाजसेवी व युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी व विशिष्ट अतिथि रिकार्डधारी जितेन्द्र गौतम व विकास सेन पत्रकार व कार्यक्रम का संचालन मयंक गौतम प्रशिक्षक ने किया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि समाजसेवी अभय गुप्ता व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के स्वागत में श्री प्रदीप गुर्जर जी संचालक पीतांबरा पब्लिक स्कूल एवं श्रीमती समीक्षा गुज्जर प्राचार्य पीतांबरा पब्लिक स्कूल ने किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभय व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें उत्साहित किया।समाजसेवी अभय ने कहा ऐसे प्रशिक्षणो से छात्र छात्रो मे नवीन ऊर्जा का संचार होता है ऐसे शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए।इस शिविर के आयोजक बधाई के पात्र है तथा प्रशिक्षक मंयक गौतम ने मोबाइल नम्बर 8226084587 पर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।इस दौरान पीताम्बरा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य समीक्षा गुर्जर,प्रदीप गुर्जर व स्कूल स्टाफ एवं सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

सिटी पुलिस ने 2 साल से फरार, 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी के निर्देशन मे फरार आरोपीयो की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाये जाने के दौरान थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली भिण्ड निरीक्षक शिव सिंह यादव व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई।दिनांक 5/11/21 को फरियादी अरबिन्द भदौरिया निवासी अटेर रोड भिण्ड ने उपस्थित थाना आकर आरोपी रोहित पाण्डे उर्फ चंकू, हीरा सिंह कुशवाह, बडे सिंह व हरदीप सिंह चोहान उर्फ भीम के विरुद्ध जुआ के लिये पैसे मांगने, गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने व घर मे घुसकर टीवी फोडने व मन्दिर से रुपये उठाने के संबध मे रिपोर्ट की थी जिस पर थाना हाजा पर अपराध क्र. 584 / 21 धारा 327, 323, 294, 506,427,452,34 भादवि. इजाफा धारा 457, 380 भादवि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया प्रकरण मे आरोपी हीरा सिंह पुत्र स्व. बाबू सिंह कुशवाह आदतन अपराधी है, जिसके थाना कोतवाली 11 अपराध गम्भीर धाराओं के पंजीबद्ध है,आरोपी दो साल से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी हीरा सिंह कुशवाह को दिनांक 24/5/23 को डाक बंगला के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष जेआर हेतु पेश किया गया।

श्री जोनरायजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ धूम-धाम से मनाई

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा

सोजत -बगड़ी नगर निकटवर्ती ग्राम पिप्पलाद में स्थित श्री जानरायजी मंदिर की वर्षगांठ धूम-धाम ने मनाई गई। प्रात- मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एंव महाआरती के बाद मंत्रोच्चार के साथ जयकारें लगाते हुए अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार हीरालाल सैणचा वेनाराम सैणचा पुत्र स्व.केसाराम ने श्री जोनरायजी मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। ध्वजारोहण के दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। ईश्वरदासजी मंदिर के अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार नाथाराम सैणचा, राणाराम सैणचा भसना राम सैणचा रतन लाल सैणचा वेना राम सैणचा पुत्र स्व- पीथाराम सैणचा बेरा नोख?ा केलवाद ,लुंबाराम सैणचा ने ईश्वरदासजी छतरी के शिखर पर ध्वजा चढाई। इस महोत्सव में पिप्पलाद जोनरायजी मंदिर के प्रांगण में प्रसादी का आयोजन रखा गया

थाना मो पुलिस ने फरार 03 स्थाई वारटियों को किया गिरफ्तार

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री के निर्देशन में चलाये जा रहे आरोपीयों की धर पकड अभियान में दिनांक 24/05/2023 को थाना मौ पुलिस ने श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री कमलेश खरपुसे व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोहद श्री सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन में मुखबिर की सूचना पर से अप.क्र. 144/2017 धारा 452,323,294,506,34 भादवि में फरार चल रहे 03 स्थाई वारंटीयों को थाना मौ पुलिस द्वारा ग्राम चांदन खेरिया से गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें माननीय न्यायालय गोहद पेश किया गया है ।

पुलिस की कार्यवाही में -- उक्त सराहनीय कार्य में पुलिस थाना मी के निरी. उदयभान सिंह यादव, उनि प्रवेन्द्र सिंह, सउनि नेतराम सिंह, सउनि सुभाष गौतम, प्रआर 439 हेमन्त आर्य, प्रआर 825 राजकुमार, प्रआर 396 रमेश चौहान, आर 930 ओमवीर सिंह, आर 1091 जहीर, आर 1162 भगवत, आर 62 अजय यादव, आर 1111 गन्धर्व गुर्जर, आर 639 शैलेन्द्र गुर्जर, म.आर 1260 अंचल जादौन, आर चा. 1372 अचित्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

फरार चल रहे 2500-2500 रुपये के दो आरोपीगणों को भारौली पुलिस के सहयोग से सुरपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में इनामी फरारी बदमाशों की धरपकड़ अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) भिण्ड के नेतृत्व में थाना प्रभारी भारौली अनीता गुर्जर को दिनांक 24/05/2023 को मुखबिर द्वारा सूचना पर से थाना सुरपुरा के अप.क्र.52 / 21 धारा 420, 467,468,471, 120बी भादवि. 3/4 परीक्षा एक्ट में फरार आरोपीगण (1) जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र शिववीर सिंह निवासी भारौली खुर्द (2) कमलेश उर्फ कमल सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी भारौली खुर्द पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों उपरोक्त आरोपीगणों पर 2500- 2500 पृथक-पृथक आदेश क्रमांक पुअ / भिण्ड / सी. आई.डी/एडी / ईनाम / 9/23 दि. 25/2/23 को घोषित किया गया था । उक्त आदेश के पालन में आज दिनांक 24/05/2023 को दौराने इलाका भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना पर से थाना सुरपुरा के अपराध क्र.52/21 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि 3/4 परीक्षा एक्ट में फरार आरोपीगणों 1. जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र शिववीर सिंह निवासी भारौली (2) कमलेश उर्फ कमल सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी भारौली खुर्द दोनों आरोपीगणों को हिरासत में लेकर थाना प्रभारी सुरपुरा को कार्यवाही करने हेतु सूचित किया गया।भारौली थाना प्रभारी अनीता गुर्जर,उपनिरीक्षक लक्ष्मण किशोर गुबरेले,आरक्षकगणों में हितेन्द्र, मोहित,धर्मेन्द्र विजय चौरसिया एवं एएसआई भगवान सिंह थाना सुरपुरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही

जयकारों की बीच हुई प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

पाली ।निपल गॉव मे श्री हनुमानजी मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ ।हनुमान जी का वरघोड़ा निकाला श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा से वरघोड़ा का स्वागत किया । दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन रखा गया ।रात्रि भजन संध्या में लेहरूदास वैष्णव एण्ड पार्टी की ओर से एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबूर कर दिया ।लाभार्थी परिवार ने हनुमान जी की मूर्ति को स्थापित किया । मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया ।लाभार्थी परिवार द्वारा विधि विधानपूर्वक मुख्य कलश इंडा स्थापित किया गया ।ध्वजारोहण और कलश स्थापना के दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को स्थापित किया एवं श्रृंगार, भोग एंव आरती की ।यज्ञ शाला में मंत्रोच्चारों के बिच हवन पूर्णाहुति हुई। इस कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया ।रात्रि भजन संध्या में मुख्य अतिथी केंद्रीय मंत्री व पाली सांसद श्री मान पी पी चौधरी साहब और राजस्थान सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री व बाली विधायक मान पुष्पेंद्रसिंह राणावत व भाजपा नेता नरेश ओझा एंव ज़िला परिषद सदस्य श्रीमती मति मंजू दिनेश सिवास , पंचायत समिति सदस्य पुनित सीरवी नारलाई ,अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रान्त के अध्यक्ष दिनेश सीरवी ,मुकेश सीरवी खौड , पादरला के पूर्व सरपंच ओमपाल सिंह व सीरवी समाज के पदाधिकारी एवं भँवरलाल सीरवी ,तेजाराम बिजोवा ,नरेश बोरा , जीतु भाई सेप्टा सहित आस पास गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष अमराराम ने प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में महिला शक्ति ने भी भरपूर आनंद लिया एवं व्यवस्था मे सहयोग रहा।

साईं कालेज आफ नर्सिंग खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजली टुडे

दिनांक 24.05.2023 को श्री सॉई कॉलेज ऑफ नर्सिंग, खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खरगोन श्री जी.सी.मिश्रा द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की जानकारी देते हुए कहा गया कि यदि आप वाहन चला रहे है तो आपके पास लाइसेंस एवं गाडी का बीमा होना अत्यन्त आवश्यक है यदि आपके पास लाइसेंस एवं गाडी का बीमा नही है और कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो आपको भारी आर्थिक परेशानियों का सामना तो करना पड सकता है साथ ही आपको जेल भी हो सकती है और यदि आप अपना वाहन किसी अन्य व्यक्ति को चलाने के लिये दे तब भी यह निश्चित

कर ले कि उस व्यक्ति के पास लाइसेंस हो। साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिला संबंधी कानून, मध्यस्थता योजना, सामान्य कानून एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । डॉ श्री चेतन पठौते द्वारा अस्थि रोग संबंधी एवं श्री दिपेन्द्र स्वर्णकार यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने, लाइसेंस बनवाने एवं हेलमेट पहनने का आग्रह किया गया।कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर श्री ओमगिरी गोस्वामी, प्राचार्य श्री शुभम खेडेकर, तहसील विधिक सेवा समिति से श्री नीलमओमप्रकाश पगारे, श्री परसराम गंधारे, कॉलेज कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे

चोरी गई मोटर साईकिल को आलमपुर पुलिस ने बरामद कर एक चोर को किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन तथा एसडीओपी अनुभाग लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन मे सम्पती संबन्धी अपराधियो की धरपकड के निर्देश दिये गये थे दिनांक 23/05/23 को फरियादी अरविंद कुशबाह पुत्र रबूदे कुशवाह निवासी ग्राम विंडवा थाना पंडोखर जिला दतिया ने थाना आलमपुर आकर बताया कि में दिनांक 20/05/23 को अपनी मो. सा. होन्डा साइन क्र. एमपी 32 एमडी 4735 से अपनी सशुराल सादी शमारोह में ग्राम गांगेपुरा थाना आलमपुर जिला भिण्ड में आया था उक्त मो. सा. को ग्राम गांगेपुरा में रखकर सादी समारोह में सम्मलित था उक्त दिनांक को रात्री 11:30 वजे मो. सा. को देखा तो रखे हुए स्थान पर नहीं मिली कोई अज्ञात चोर मो. सा. को चुरा कर ले गया रिपोर्ट पर से अप. क्र. 44/23 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया मुखविर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को मय मो. सा. के पकड़ा आरोपी को गिरफ्तार कर उक्त मो. सा. को जप्त कर आरोपी को आज दिनांक 24/05/23 को न्यायालय लहार पेश किया गया आरोपी का जेल बारन्ट प्राप्त होने पर उपजेल लहार दाखिल किया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक केदार सिह यादव, उपनिरीक्षक रामशरण शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, प्रधान आरक्षक ब्रिजेन्द्र सिंह,प्रधान आरक्षक मदन दीक्षित,प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र, प्रधान आरक्षक कृपाराम प्रजापति, आरक्षक सिद्धांत कौरव आरक्षक संजीव,आरक्षक प्रदीप कुमार,आरक्षक नारायाण सिंह, आरक्षक रामगोपाल, महिला आरक्षक लाली प्रजापति, सेनिक अनुराग सिंह, सेनिक किलोल सिह, सेनिक कन्हैयालाल की सराहनीय भूमिका रही है।

युवा उद्यम स्थापित कर, जिले का नाम रोशन करें : के.पी.सिंह भदौरिया

जिला स्तरीय रोजगार मेले में 31.41 करोड़ के ऋण वितरित

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिला स्तरीय रोजगार दिवस में मुख्य अतिथि के.पी. सिंह भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं विधायक प्रतिनिधि भिण्ड के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा अमित बाल्मीकि विशिष्ट अतिथि श्रीमती गुड्डन शशिकान्त भारद्वाज, सभापति उद्योग एवं सहकारिता समिति भिण्ड, एवं विशिष्ट अतिथि सुनील बाल्मीकि विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में शुभारम्भ हुआ।मुख्य् अतिथि के.पी. सिंह भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं विधायक प्रतिनिधि भिण्ड् कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये कहा कि जिले के युवा स्वयं-रोजगार के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला रहे हैं। वह अपना उद्यम व्यवसाय शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर अपनी-अपनी इकाईयाँ स्थापित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के लिये विभिन्न् रोजगार मूलक योजनाओं का संचालन कर रही है जिसका क्रियान्वय जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के माध्यम से किया जा रहा है। नये वित्तीय वर्ष में 31.41 करोड़ के ऋण वितरण करते हुये कहा कि जो वित्तीय संस्थान आपकों ऋण दे रहे हैं उसका समुचित

उपयोग करते हुये संबंधित बैंकों को ऋण की अदायगी समय पर करें जिससे कि संबंधित बैंक भविष्य में आपकों और अधिक ऋण देकर आपके भविष्य में आपकों और अधिक ऋण देकर आपके उद्योग व्यवसाय को बड़ा करने में सहायक सिद्ध होंगें। गुड्डन शशिकान्त भारद्वाज, सभापति उद्योग एवं सहकारिता समिति भिण्ड द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश के विकास में महिलायें प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। जिला पंचायत आप सब के लिये सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूह की महिलायें कुटीर उद्योग स्थापित कर अपनी-अपनी आर्थिक स्थिति सुदृण करें जिससे कि आपके परिवार एवं जिला के साथ-साथ प्रदेश सशक्त बनें। सुनील बाल्मीकि विधायक प्रतिनिधि द्वारा शहरी क्षेत्र में संचालित नगर पालिका योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गो के लिये विभिन्न योजनायें संचालित कर रही है। लीड बैंक प्रबंधक प्रताप सिंह द्वारा जिले के प्रगति से सभी अतिथिगणों को अवगत कराया। महाप्रबंधक बी. एल. मरकाम द्वारा शासन की स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मालनपुर अमित शर्मा द्वारा ब्याज अनुदान एवं एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की । अतिथिगणों द्वारा सभी लाभार्थियों को स्वीकृति एवं ऋण वितरण किये गये। सेडमैप के जिला समन्वयक द्वारा संचालित विभिन्न कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी और बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन सेडमैप द्वारा संचालित किया जाता है।कार्यक्रम का संचालन सेडमैप के जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा द्वारा किया गया।

दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा के आज आएंगे परिणाम

सफलता के लिए परिणाम मायने नहीं रखता, घबराएं बिल्कुल नहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, हायर सेकेण्डरी (व्यावसायिक), विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.), शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा परिणाम आज 25 मई 2023 को दोपहर 12:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मण्डल मुख्यालय के विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र स्थित ऑडिटोरियम में माननीय मंत्री , स्कूल शिक्षा विभाग , म.प्र. शासन के द्वारा घोषित किये जा रहे है। रिजल्ट की तारीख घोषित होते ही विद्यार्थियों के मन में भी चिंता बढ़ गई है। इस संदर्भ में काउंसलर का कहना है कि अभिभावक बच्चों से बातचीत करें और उनकी समस्याएं समझें। उनके साथ रहें और रिजल्ट को लेकर बच्चों पर दबाव नहीं डालें। वहीं मनोचिकित्सक का मानना है कि बच्चों के व्यवहार पर विशेष ध्यान दें। परिणाम को लेकर तुलना न करें।

विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परिक्षार्थी जान सकेंगे परीक्षा परिणाम-मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इनमें प्रमुख वेबसाईट भी उपलब्ध कराई गई है जिसपर पर परिणाम उपलब्ध रहेगा इन वेबसाइटों के अलावा मोबाइल एप्लीकेशन पर परिणाम प्राप्त करने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर? एमपीबीएसई मोबाइल ऐप करें एवं नो योर रिजल्ट का चयन करने के बाद अपना अनुक्रमांक तथा आवेदन क्रमांक) प्रविष्ट कर परीक्षा परिणाम ज्ञात कर सकते हैं ।**अभिभावकों को लिए टिप्स**-परिजनों को बच्चों पर नजर रखनी चाहिए और उनके साथ रहें। घर का माहौल नकारात्मक न बनाएं। अपने बच्चों की निंदा न करें। दूसरे बच्चों के रिजल्ट से तुलना न करें। बच्चों का परिणाम कैसा भी आए, उसे स्वीकार करें।अच्छे अंक को लेकर बच्चों पर दबाव ना डालें।

विद्यार्थियों के लिए टिप्स-बच्चें शांत रहें और घबराएं नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बनाकर रखें। परिणाम जैसा भी आए, उसे स्वीकार करें।इस परिणाम को अंतिम पड़ाव न मानें, बल्कि करियर में आगे बढ़ने के लिए यह महज एक सीढ़ी है। अपनी मन की बात अभिभावकों, शिक्षकों व दोस्तों से शेयर करें। आगे कड़ी मेहनत करें और निराश ना हो। दोस्तों से अपनी तुलना ना करें।सफलता के लिए परिणाम मायने नहीं रखता है। विद्यार्थी अपने आप को शांत रखें। 10वीं व 12वीं का परिणाम करियर में आगे बढ़ने की एक सीढ़ी है। ऐसे में अभिभावक बच्चों को आगे बढ़ने की दिशा दिखाएं। उन्हें प्रोत्साहित करें, ताकि वे मायूस ना हों। यह परीक्षा परिणाम आपका अंतिम नहीं है। अगर आपका परिणाम उम्मीद के मुताबिक ना आए तब भी निराश ना हो और आगे के लिए कड़ी मेहनत करें। घबराएं बिल्कुल नहीं। अभिभावकों व दोस्तों से बातचीत करते रहें। विद्यार्थी अपनी मेहनत पर भरोसा करें। जैसा भी परिणाम आए। उसे स्वीकार करें और आगे के लिए दोगुने उत्साह के साथ जुट जाएं। तनाव बिल्कुल ना लें।

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन का मनाया स्थापना दिवस

वरिष्ठ आयुष चिकित्सको का किया गया सम्मान

महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजलि टुडे

भिंड । अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन शाखा भिंड द्वारा आज संगठन का 126 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया त्रिपाठी आयुष हॉस्पिटल अटेर रोड भिंड के मन्दिर मे स्थित आयुर्वेद के जनक भगवान् धनवंतरी की स्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी जिसमे भिंड जिले के वरिष्ठ आयुष चिकित्सको का सम्मान किया गया जिसमे सर्व प्रथम ड्रा. एस के राजौरिया, ड्रा. नारायण स्वरूप श्रीवास्तव , ड्रा.विश्वनाथ शर्मा, ड्रा. इन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, ड्रा. मुन्नालाल मिश्रा, सहित त्रिपाठी हॉस्पिटल के संचालक ड्रा. मधुरेश त्रिपाठी जी का फूल माला और अंगवस्त्र के साथ सम्मान किया गया सभी पूर्व आयुष चिकित्सा अधिकारियो ने आयुर्वेद चिकित्सा पैथी मे ही चिकित्सा करने के लिए जोर दिया और कहा की आयुर्वेद ही हमे और हमारी आने वाली पीढ़ी को जीवन मे बीमारी रहित समाज दे सकता है आज के कार्यक्रम मे आयुर्वेद महासम्मेलन के जिले के पदाधिकारी ड्रा. वासुदेव नरवरिया, ड्रा, उमाशंकर मिश्र(आप), ड्रा, आर. डी. परिहार , एवम जिले भर के प्रतिनिधि मौजुद रहे कार्यक्रम का संचालन ड्रा. नदीम खान ने किया

कितनों को लटकाया, कितनों को गाड़ा और कितनों के विरुद्ध चालान पेश किये गये : डॉ. गोविन्द सिंह

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से किये सवाल

पंकज त्रिपाठी स्टेट
हेड पुष्पांजली टुडे

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने सरकार से मांग की है,कि वह वे आंकड़े जनता के सामने पेश करे जिसमें मुख्यमंत्री ने प्रदेश के भ्रष्टाचारियों को लटकाने, गड़वाने की बात खुले आम कई बार सार्वजनिक मंचों से अपने भाषणों में कही है। साथ ही यह भी बतायें कि अभी तक भ्रष्टाचार में पकड़े गए कितने अधिकारियों के विरूद्ध चालान पेश करने को अनुमति दी गई। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से कहा है, कि वे अपनी कथनी व करनी को एक करें और प्रदेश की जनता के सामने सार्वजनिक रूप से यह बतायें और दस्तावेज भी पेश करें कि उन्होंने सार्वजनिक मंचों से जनता के बीच कहा है,कि भ्रष्टाचारियों सुधर जाओ वरना उलटा लटका दूंगा और गड़वा दूंगा । डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से कहा कि वह इतना भर आग्रह कर रहे है,कि उन्होंने जो कहा है,वह कितना किया है। यदि ऐसे उदाहरण हो तो वे प्रदेश की जनता के सामने पेश करें। मुख्यमंत्री जी ने भीड़ के बीच जनता को गदगद कर तालियां तो पिटवा लीं लेकिन इसके आंकड़े भी तो उन्हीं को देना पड़ेंगे। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री से यह भी पूछा है कि उनके कार्यकाल में कितने बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में पकड़े गए और उनके खिलाफ व कितनो के खिलाफ चालान पेश किये गये इसकी सूची जारी करें । ताकि प्रदेश की जनता जान सके कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो कहा सो किया।

डॉ दुबे ने की थी पंचायत मंत्री से ईई इटोरिया की शिकायत, मंत्री ने लिया तुरन्त कड़ा एक्शन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में भिण्ड आये मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिसौदिया से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने जिले के वर्तमान हालातों से रूबरू कराया और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के ईई की लिखित शिकायत पंचायत मंत्री को दी।डॉ दुबे ने मंत्री सिसौदिया को पत्र देकर बताया कि जिले की कुल 77 आंगनवाड़ी केंद्रों की अतिवृष्टि के कारण मरम्मत हेतु 151.04 लाख रुपये शासन ने उपलब्ध कराए थे,जिसकी निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा(ऋश्वस) संभाग भिण्ड को बनाया गया था एवं उक्त कार्यों को संपादित कराने के लिए 75.52 लाख की राशि भी जारी कर दी थी। नियमानुसार उक्त निर्माण कार्य ऑनलाइन टेंडरिंग के माध्यम से किये जाने थे किंतु ईई आरईएस ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ऑफलाइन टेंडरिंग करते हुए कुछ चहेती फर्मों को काम दे दिए, ये सीधा भ्रष्टाचार था जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।डॉ दुबे ने पंचायत मंत्री से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की, जब पंचायत मंत्री ने मामले की गंभीरता को समझा तो उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने खड़े खड़े ईई इटोरिया को निलंबित करने का आदेश दे दिया, जिसका विभागीय आदेश भी आज जारी कर दिया गया है।डॉ दुबे ने इस कार्यवाही के लिए पंचायत मंत्री का आभार प्रकट किया है और कहा कि मध्यप्रदेश की यशस्वी सरकार के यशस्वी मंत्री से भिण्ड की जनता जनार्दन को यही उम्मीद थी, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ही भाजपा सरकार का संकल्प है, कोई भी अधिकारी यदि जनता के पैसों को डकारने का प्रयास करेगा उसका यही हश्र होगा।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय नगर पालिका नगर परिषद जनपद कार्यालय में जमा करने अंतिम दिवस आज

पुष्पांजली टुडे

दमोह। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनान्तर्गत 32 तीर्थयात्रियों की 18 जून 2023 को वायुयान द्वारा भोपाल से प्रयागराज की तीर्थयात्रा पर जाना प्रस्तावित हैं। यदि जिले को आवंटित निर्धारित कोटा (32 यात्रियों) से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्युटराईज्ड लॉटरी से किया जायेगा। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा जो आवेदक (म.प्र के वरिष्ठजन जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, जो आयकर दाता नहीं है) जिन्हें प्रयागराज की तीर्थ यात्रा के लिए जाना है, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय (नगर पालिका/ नगर परिषद / जनपद कार्यालय) में आज 25 मई 2023 तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा अधिकतम परिवारों तक वायुयान द्वारा तीर्थ यात्रा का लाभ पहुंचाए जाने की दृष्टि से एक परिवार से एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा। पति-पत्नी दोनो या समूह में आवेदन की पात्रता नहीं रहेगी। यात्रा में सहायक की पात्रता नहीं होगी। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड/ वोटर आई.डी. / समग्र आई.डी. की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। समय अवधि के पश्चात् आवेदन पत्र जमा नही किए जा जाएँगे।

गोहद थाने से 100 मीटर की दूरी पर डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

बाइक सवार की घटनास्थल पर ही हुई मौत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोहद थाने से लगभग 100 मीटर की दूरी से निकलकर नूरगंज के पास डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जानकारी के अनुसार गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहद चौराहा से शाम 5=00 बजे के लगभग चितौरा की ओर जा रहे डंपर क्रमांक एमपी 07 एचबी 5961 ने गोहद थाने से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बाइक सवार लवकुश उर्फ छोटू माहौर पुत्र केशव माहोर उम्र लगभग 18 वर्ष की बाइक में टक्कर मार दी जिससे लवकुश डंपर के पहिए के नीचे आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मृतक को गोहद अस्पताल भेजा जहां पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंपा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है

पूर्व सैनिक अनन्तराम पांडे का बीमारी के चलते निधन,शोक की लहर

पुष्पांजली टुडे

दमोह। प्रधानमंत्री जी द्वारा सम्मानित मफियादो गांव निवासी रिटायर्ड सैनिक अनन्तराम पांडे का आज 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्री पांडे पिछले 2 माह से बीमार चल रहे थे। श्री पांडे सैनिक प्रकोष्ठ के विभिन्न पदों पर भी रहे। वे अपने बीचे अपने तीन पुत्र भरा पूरा परिवार छोड़ गए। पांडे के निधन से क्षेत्र ने शोक की लहर है। वे हंसमुख स्वभाव के लिए जाने जाते थे।

कौमी एकता का प्रतीक नरसिंहगढ़ का ऐतिहासिक 242 वाँ उर्स मुबारक 25, 26 मई को

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। नरसिंहगढ़ में हजरत बाबा तैयब अली शाह साहब 242 वाँ उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा नरसिंहगढ़ उर्स कमेटी के सचिव आरिफ अंजुम ने जानकारी देते हुए बताया की उर्से पाक में देश प्रदेश से हर वर्ग हर समाज के हजारों अड़ीदत मन्द हजरात शामिल होंगे। उर्स का आगाज शाही सन्दल व चादर से हुआ जो दिनांक 24 मई बुधवार को शाम 4 बजे नया बाजार से हुआ।चादर शरीफ नया बाजार से शहर गस्त घण्टाघर,बकौली,टाकीज तिराहा, पुराना थाना गड़ी मुहल्ला पानी की टँकी गरुयाउ , पठानी मुहल्ला ,गौरी शंकर टिगड्डा ,बड़ापुल होते हुए बाजार मुहल्ले में समापन होगा समापन के बाद रात 11 बजे नरसिंहगढ़ में बाबा साहब की मझार शरीफ पर ?ुस्ल के बाद चादर शरीफ पेश की जाएगी। दिनांक 25 मई 2023 गुरुवार को नरसिंहग? में बाद नमा? ईशा, हल्का शरीफ व मीलाद शरीफ होगी जिसमें हजरत अल्लामा मौलाना बाबर र?ा साहब शाहगढ, हजरत ?ारी तहसीन रदा साहब इमाम कछियान मस्जिद दमोह,हाफिज मु खलील रदा साहब दमोह ,इकबाल रफा साहब के अलावा मुकामी उल्मा व शायर तकरीर और कलाम पेश करेंगे इसके बाद रात 11 बजे से महफिले सिमा कब्बाली होगी जिसमें देश के मशहूर कब्बाल राजू मुरली सूफियाना कलाम पेश करेंगे। दिनांक 26 मई 2023 शुक्रवार को रात 9 बजे मह?िल कब्बाली का शानदार प्रोग्राम होगा जिसमें हिन्दोस्तान के मशहूर कब्बाल मुस्त?ा अड़ी? नाजा मुम्बई व राजू मुरली कब्बाल शाहजहांपुर यू.पी सू?ियाना कलाम पेश करेंगे। सुबह 6 रंग महफिल व कुल की फातिहा के बाद लंगर तकसीम किया जाएगा। उर्स कमेटी ने उर्स में मेहमाने खुशुशी के रूप में केंद्रीय मंत्री जनाब प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, पूर्व मंत्री मुकेश नायक दमोह विधायक अजय टण्डन, पथरिया विधायक श्रीमती राम बाई, राहुल सिंह, जिला कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार माईसिम यूनिट हेड सुनील कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेंद्र राय, नरसिंहगढ़ सरपंच राजेन्द्र विदोलिया के अलावा आप सभी को आमंत्रित किया है। नरसिंहगढ उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी यूसुफ सेठ, आरिफ अंजुम, हाजी सईद सेठ ,नादिर खान ठेकेदार, महेंद्र दुबे आसिफ अंजुम, दाऊद सौदागर सभापति, रिजवान गुड्डू मिस्त्री, रब्बू खान, शमीम टायर आजाद राइन, अफसर सुल्तानी, अब्बू खान, अहद शक्तिमान व अहले बाजार मुहल्ला ने आप सभी ह?रात से उर्से में शिरकत की अपील की है। तशरीफ लायें और शुक्रिया का मौका अता करें।

पन्ना पुलिस द्वारा चोरी के प्रकरण में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह की 03 सक्रिय महिला सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे की खबर

महिलाओं के कब्जे से चोरी किये गये सोने चाँदी के जेवरात एवं मोबाइल सहित कुल 83 हजार रूपये का मशरूका पुलिस द्वारा किया गया जप्त

घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 22.05.2023 को फरियादी द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई कि 03 अज्ञात महिलायें कस्बा में चूड़ी बेच रही है । जो महिलाओं द्वारा मेरी पत्नी को चूड़ी पहनाते समय मौका पाकर मेरी पत्नी की सोने की अद्दी करीब चार 06 ग्राम की चोरी कर ले गई है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में 03 अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध चोरी का अपराध क्र. 122/2023 कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया । पूर्व में भी थाना सलेहा में इसी प्रकार की रिपोर्ट पर अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध अलग-अलग चोरी के अपराध क्रमांक 264/2022 ,191/2022 कायम किये गये हैं ।पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही ङ्क थाना प्रभारी सलेहा उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा उक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा घटना को गंभीरता से लिया जाकर मामले में त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये । साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री पियूष मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना स्तर पुलिस टीम का गठन किया । उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार में अलग अलग मार्गो में संदेही महिलाओं की तलाश पतारसी की गई । पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों एवं प्रतिष्ठानो में महिलाओं की तलाश की गई एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले की संदिग्ध 03 महिलाओं को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूँछतांछ की गई जो उक्त महिलाओं द्वारा अपने ङ्कअपने नाम पता बताये गये । पुलिस टीम द्वारा चोरी के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर महिलाओं द्वारा थाना सलेहा क्षेत्रान्तर्गत कस्वा सलेहा , ग्राम बंधौरा , ग्राम माल्हन में चोरी करना स्वीकार किया । उक्त मामलों में पूर्व से ही थाना सलेहा में अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध अपराध कायम थे । पुलिस टीम द्वारा महिलाओं के कब्जे से पृथक - पृथक अपराधों में एक नग सोने की अध्धी कीमती करीब 35000 रूपये, दो जोडी सोने की अंगूठी कीमती करीब 15000 रूपये , एक जोड चांदी की पायल 100 ग्राम कीमती करीब 6000- रूपये, एक जोड चांदी की पायल बजनी 200 ग्राम कीमती करीब 12000 एवं एक रियलमी कम्पनी का मोबाईल कीमती करीब 15000 रूपये कुल मशरुका कीमती करीब 83 हजार रूपये का जप्त किया गया । उक्त तीनो महिलायें छत्तीसगढ़ राज्य की रहने वाली है जो म.प्र. एवं अन्य राज्यो के विभिन्न जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुकी हैं । महिलाओं से पूँछताछ पर अन्य मामलों के खुलासा होने की संभावना है । पुलिस टीम द्वारा तीनो महिलाओं को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

जप्त मशरूका – उक्त आरोपी महिलाओं के कब्जे से एक नग सोने की अध्धी कीमती 35000 रूपये, दो जोडी सोने की अंगूठी कीमती 15000/- , एक जोड चांदी की पायल 100 ग्राम कीमती 6000/- रूपये एवं एक जोड चांदी की पायल बजनी 200 ग्राम कीमती12000/- , एक रियलमी कम्पनी का मोबाईल कीमती 15000 रूपये कुल कीमती 83000 / - रूपये का जप्त किया गया ।

सराहनीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, उनि रामफल शर्मा , सउनि शिवेन्द्र सिंह परिहार, सउनि रावेन्द्र सिंह मरावी, प्रआर. बुद्ध सिंह यादव, आर. संजय मिश्रा, द्वारका प्रसाद, अमित बागरी, राकेश सिहं, सुजीत सिंह, सतीष श्रीवास, म.प्रआर. तेजवती सिंह बुन्देला, म.आर. नीतू द्विबेदी का सराहनीय योगदान रहा । उक्त पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

आज भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में सर्वप्रथम पार्टी के पितृ पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई

बैठक में मुख्य रूप से नगर मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष मुरैना कैलाश मित्तलजी रहे बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्री अवधेश गोयलजी ने की एवं बैठक का संचालन नगर महामंत्री श्री पवन सिंह राठौर जी ने किया बैठक में देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हाल ही में प्रदेश एवं जिला से निर्देश अनुसार कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई जो की निम्न अनुसार हैं भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मोदी सरकार की नव वर्ष की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने में अपना योगदान देगा और आम जनता के साथ कार्यकर्ता यह भी समझाएंगे कि इन योजनाओं का लाभ आम लोग कैसे उठा सकता है किस बात पर प्रमुखता से चर्चा हुई25 एवं 26 मई को शक्तिकेंद्रो की मीटिंग होना तय हुआउसके बाद 28 मई को देश के यशश्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की मन की बात का कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर समय दोपहर 11 बजे होना तय हुआ एवं इसी कार्यक्रम के बाद बूथ समिति और पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की बैठक होगी एवं विभिन्न भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई एवं बूथ विस्तार योजना का नगर मण्डल का 100? कार्य पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दीबैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेंद्र मरैयाजी श्रीमती सरला रावतजी नगर मंडल प्रभारी कैलाश मित्तलजी नगर मंडल अध्यक्ष श्री अवधेश गोयलजी विधानसभा विस्तारक अरविंद वर्माजी वरिष्ठ नेता त्रिलोक चोधरीजी दर्शन सोनीजी शिवदयाल शांडिल्यजी विजेंद्र रावत जी रामदीन सिंह जादौनजी रामेश्वर शर्माजी नगर महामंत्री पवन सिंह राठौर जी नगर मंत्री नितिन सोनीजी हरिप्रसाद जगाजी पार्षद मोहन पचोरी जी पार्षद राकेश शिवहरे जी भरतलाल शर्मा जी अनसूचित मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप वित्तल जी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुशवाह जी मिलिंद वर्माजी सूरज खान जी कार्यालय मंत्री अरविंद मंगलजी भूपेंद्र मरैयाजी जुगलकिशोर धानुकजी व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक दीपू बंसलजी शिवेंद्र सोनी दीपू सिंघलजी आदि लोग मौजूद रहे

क्राईम ब्रांच व थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को पक?कर उसके कब्जे से लगभग 2.50 लाख रूपये कीमत की 25 ग्राम स्मैक की जप्त

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर दिनांक - पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 23-24.05.2023 की दरमियानी रात्रि को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर थाना महाराजपुरा क्षेत्रान्तर्गत टाइगर चौक शताब्दीपुरम में बेचने की फिराक में खडा है। सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर-मध्य) श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे को अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया से समन्वय स्थापित कर क्राईम ब्रांच व थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त सूचना की तस्दीक कर उक्त तस्कर को पकडने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षिया? के.एम.,भापुसे, डीएसपी अपराध द्वितीय श्री संदीप मालवीय एवं सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. अमर सिंह सिकरवार एवं थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक पंकज त्यागी के द्वारा क्राईम ब्रांच व थाना पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान टाइगर चौक शताब्दीपुरम के पास भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खडा हुआ दिखा, जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पक? लिया गया। पक? गये संदिग्ध का नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को गाम देवरी महगांव जिला भिंड का रहने वाला बताया। पक? गये संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके पास से सफेद रंग की थैली में मादक पदार्थ स्मैक रखा हुआ मिला, स्मैक की तौल कराने पर कुल 25 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 2.50 लाख रूपये की पाई गई, इसके अलावा पकड़े गये तस्कर की तलाशी लेने पर उसके पास से 1010 रूपये नगद एवं एक सेमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल जप्त किया गया। पकड़े गये तस्कर के खिलाफ थाना महाराजपुरा में अप0क्र0 396/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उससे स्मैक के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

जप्त मशरूका:25 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 2.50 लाख रूपये, एक कीपैड मोबाइल, तथा 1010 रूपये नगद कुल मशरूका 2,51,000/- रूपये।

मुख्य भूमिका: क्राईम ब्रांच टीम– थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, उनि0 राहुल सिंह, प्र.आर0 अनिल गुप्ता, आर0 सोनू परिहार, सौरव चौहान, रणवीर शर्मा।

सराहनीय भूमिका:उक्त कार्यवाही में थाना महाराजपुरा की टीम- थाना प्रभारी महाराजपुरा निरी0 पंकज त्यागी उनि0 सौरव श्रीवास्तव, आर0 राजीव शुक्ला, कुंज बिहारी शर्मा, ध्रुव गुर्जर, अनिल की सराहनीय भूमिका रही।

सुशासन में बाधक केंद्र-राज्य टकराव

उम्मीद है दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच शहर की सिविल सेवाओं की निगरानी और नियंत्रण पर हक को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में दायर किए गए केस में आये फैसले से यह विवाद खत्म हो जाएगा। हालांकि दोनों पक्ष कानून के महत्त्वपूर्ण बिंदु गिनाकर अपना हक ज्यादा होने की बहस करते रहे हैं लेकिन एक साधारण आदमी के लिए यह विवाद सिरे से अनुचित है। एक वैधानिक रूप से निर्वाचित सरकार का काम प्रशासन चलाना और विकास कार्य करना होता है जिसके पास अपनी नीतियां लागू करने और अच्छा शासन देने के लिए विभिन्न श्रेणी की सिविल सेवाओं की सुविधा उपलब्ध होती है। कोई मंत्री विभाग मिलने के बाद, अपना काम मुख्यालय में सचिवों और जिलों में तैनात फील्ड स्टाफ की मार्फत चलाता है। शीर्ष से शुरू होकर, प्रशासनिक व्यवस्था का पदानुक्रम स्पष्ट है = मुख्य मंत्री-मंत्री-सचिव-विभागाध्यक्ष... इत्यादि। राज्यपाल या उपराज्यपाल का ओहदा मुख्य तौर पर राज्य के संवैधानिक मुखिया का होता है।

चूंकि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का अंग है और केंद्रीय सरकार का मुख्यालय भी यहीं है, इसलिए यहां प्रशासनिक शक्ति के बंटवारे को लेकर सदा अस्पष्टता रही है, मसलन, इस मसले को लेकर कि सुरक्षा, आपूर्ति और योजना जैसे महकमे किसके अधीन हों। जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, केंद्रीय गृह मंत्रालय समय-समय पर आदेश जारी करता आया है, नतीजतन शासन चलाने के अधिकार उप-राज्यपाल के हाथों में केंद्रित होते चले गए और निर्वाचित सरकार कमजोर बनती गई। इससे दिल्ली सरकार के लिए न केवल बदलियां और नियुक्तियां करने में अड़चनें पैदा हुई बल्कि नीति निर्धारण और क्रियान्वयन में भी रोड़े अटके। इससे एक-दूसरे पर दोषारोपण और प्रत्युत्तर जमकर चले व आपसी कलह सार्वजनिक हुई। उम्मीद करते हैं कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस विषय में फैसला दे दिया हैङ्क यूं भी हमारे पास इससे उच्च और कोई प्राधिकरण नहीं है।

केंद्र-राज्य संबंध के बृहद प्रश्न की ओर पुनः लौटते हैं, यह ऐसा क्षेत्र हैं जिसमें ह्रास जारी है और जिसके परिणामस्वरूप विकास और प्रशासन दोनों ही प्रभावित होते हैं। आज भारत विश्व का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश और सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। देश के बतौर मध्य-आय वाले मुल्क में बदलाव के क्रम को बरकरार रखने के लिए जरूरी है कि आने वाले दशकों में भी यह विकास गाथा सतत और ऊर्जावान बनी रहे। करोड़ों लोगों को गरीबी और न्यून आय श्रेणी से ऊपर उठाना अत्यंत कठिन काम है। उतना ही दुरूह है, ग्रामीण समाज और कृषि आधारित आर्थिकी का बतौर शहरी और औद्योगिक रूपांतरण करना। नीति निर्धारण, व्यवस्था, जवाबदेही और सामान्य कानून-व्यवस्था संचालन हेतु संस्थानों का विकास और सुदृढ़ीकरण एक ऐसी बुनियाद है जिसपर कोई देश निर्मित होता है । इसके लिए केंद्र-राज्य संबंध अच्छे बने रहने की अहमियत बहुत है। विगत में विभिन्न राजनीतिक दलों की केंद्र सरकारें रही हैं, लेकिन सूबों की शक्ति धीरे-धीरे संकुचित करते हुए ताकत अपने पास केंद्रित करने की प्रवृत्ति सबकी रही है। केंद्र की एजेंसियों की भांति राज्यपाल का इस्तेमाल बतौर एक औजार सूबों के राजनीतिक मामलों में दखलअंदाजी करने में बढ़ता चला गया। राज्यपाल का ओहदा बनाने का मंतव्य था, भारत सरकार का प्रतिनिधि बनकर अपने संवैधानिक दायित्व निभाना और केंद्र-राज्य सरकार के बीच संबंधों को मधुर बनाना। आज अधिकांश राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच रिश्ते कटु हैं और यह बात सार्वजनिक रूप से सबको पता है। राजभवनों में जिस किस्म के राजमर्मज्ञ भाव की मौजूदगी होनी चाहिए, वह आज गायब है और राजनीतिक कार्यकर्ता बनने का रुझान हावी हो रहा है। इसलिए राज्य सरकारें एक अनुभवी और सक्षम शख्सियत की नेक सलाह से वंचित हैं। ज्यादातर यह वित्तीय मामले हैं जिनमें राज्यपाल-सूबे की सरकार के बीच तनातनी अधिक दिखाई देती है। हालांकि वित्त-प्रबंधन राज्यों का विषय है लेकिन राष्ट्रीय खजाने की चाबी केंद्र सरकार के हाथ में होने की वजह से अधिकांश सूबों को न्यायोचित और समान वितरण के लिए उसका मुंह ताकना पड़ता है। जीएसटी व्यवस्था लागू होने बाद यह लाचारी और अधिक बढ़ गयी। आपसी तनाव तब और उभरकर सामने आते हैं जब केंद्र और राज्यों में एक-दूसरे के विरोधी दलों की सरकारें सत्तासीन हों। ऐसे रिश्तों में परस्पर शक बहुत बढ़ जाता है। संबंधित राज्य सरकार को हमेशा लगता है कि उसके न्यायोचित हक से उसे वंचित रखा जा रहा है। यही वह क्षेत्र है जहां धन जारी करने में अधिक पारदर्शिता होना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, जारी किए गए पैसे के खर्च को लेकर राज्य सरकार की उचित जवाबदेही होना जरूरी है। अनुभव दर्शाता है कि कि केंद्र सरकार के पास राज्यों द्वारा किये खर्च की निगरानी के लिए समुचित तंत्र नहीं है, नतीजतन, प्राप्त धन का दुरुपयोग होता है या अन्यत्र किसी मद में खर्च किया जाता है। धन वितरण और खर्च न्यायोचित हो और इनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। एक अन्य क्षेत्र जिसमें केंद्र-राज्य सरकार के बीच धन और तालमेल में बहुत सुधार करने की आवश्यकता है, वह है आपदा प्रबंधनङ्क प्राकृतिक हो अथवा मानव निर्मित। मसलन, मणिपुर में दंगा पीड़ितों का पुनर्वासङ्कजब मैतेई, कुकी, पैते, ज़ोंमी जाति को अन्य जगह पर बसाना पड़ा था। जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने को धन और एजेंसियों की जरूरत होती है और इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को समर्थ बनना जरूरी है। उजड़े लोगों को हमेशा के लिए मलिन-बस्तियों में न रहना पड़े, जैसा कि हम अनेकानेक राज्यों में दंगा पीडितों के मामले में देखते हैं। वर्तमान में, पुनर्वास केवल उनकी चिंता है जो बेघर हुए पड़े हैं,जिन्हें अपने गांवों से खदेड़ दिया गया, घर जला दिए, उनके धार्मिक स्थल तबाह कर दिए गए। जहां तक मेरी जानकारी है, केंद्र अथवा राज्य के किसी राजनेता ने वास्तविक घटना स्थल का दौरा करके झुलसी धरती और बेघर हुए लोगों की सुध लेना गवारा नहीं कियाङ्क क्यों नहीं? यदि वे चुनावी प्रचार के लिए राज्य-राज्य घूम सकते हैं तो चूराचांदपुर क्यों नहीं? दुनियाभर में सत्ता की राजनीति में, जनता और स्रोतों पर नियंत्रण बनाना सरकारों के कर्म का हिस्सा और तरीका है। विकसित जगत और अन्य मुल्कों में एक फर्क है कि सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शक्ति का वितरण कितना और कैसा है। कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया और विधायिका (और वे संस्थान जो इन मुख्य स्तंभों का हिस्सा हैं) को अपनी भूमिका सही ढंग से निभानी पड़ेगी। राजशक्ति का वितरण कुछ इस तरह हो कि सख्त निगरानी और संतुलन बना रहे और कोई एक संस्थान या व्यक्ति सर्व-शक्तिमान न बनने पाए। यदि केंद्र और राज्य सरकारें अपने कर्मों में उच्च शुचिता, दक्षता और नैतिकता दर्शाएं तो विकास और बढ़िया प्रशासन स्वतः हो जाएगा- इसके लिए चाहिए एक ऐसा नेतृत्व जो संविधान, देश के संस्थापक पुरखों के आदर्शों और लोगों की सेवा करने को प्रतिबद्ध हो।

संपादकीय

ऋषिकर्म का धर्म

दुनिया के किसी भी सभ्य समाज में मार्गदर्शक पेशों, कानून के रक्षकों और सेहत के संरक्षक चिकित्सकों से जनता की आस रहती है कि वे अपने पेशे के उच्च मानकों का पालन करें। वजह यह कि उनके दायित्व किसी वेतनभोगी व निर्धारित कार्यावधि के तय मापदंडों से परे माने जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में गुरु की महिमा की अनंत गाथा हमारे पौराणिक आख्यानों तथा साहित्य में मिलती है। इसकी वजह यह भी थी कि गुरु लौकिक सुख की परवाह किये बिना शिष्य के सर्वांगीण विकास को अपना ध्येय मानता था। निस्संदेह, किसी भी पेशे के व्यक्ति का सम्मान इस बात पर निर्भर है कि वह निजी हितों के बजाय समाज के हितों को कितना महत्व देता है। समाज में शिक्षक, सैनिक, चिकित्सक, न्यायाधीश, पत्रकार, साहित्यकार को शेष व्यवसायों से जुड़े लोगों पर अधिमान दिया जाता रहा है। जिसके मूल में यही सोच काम करती है कि समाज के ये लोग अपनी सुख-सुविधाओं के बजाय समाज के व्यापक हितों को प्राथमिकता दें। नीर-क्षीर विवेक से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। दरअसल, यह सम्मान समाज के इन नियामक पेशे से जुड़े लोगों को इनके गुरुतर दायित्व का बोध भी कराता है। निस्संदेह, सरकार व राजाश्रय से मिलने वाली सुख-सुविधाओं के विस्तार के साथ ऋषिकर्म की प्रतिष्ठा का क्षरण एक स्वाभाविक प्रतिफल है। यदि हम आज स्वतंत्रता संग्राम में आहुति देने वाले राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों, साहित्यकारों व पत्रकारों को आदर से याद करते हैं तो उसके मूल में उनके त्याग से गुरुतर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ही है। हाल ही की एक खबर के अनुसार एक विश्वविद्यालय के शिक्षकों की लंबी कोशिशों के बाद उनकी छुट्टियों को विस्तार मिला है। निस्संदेह, छुट्टी हर व्यक्ति की आकांक्षा है। भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां साप्ताहिक अवकाश के अलावा तमाम पर्व-त्योहारों व राष्ट्र के नायकों की स्मृति में अवकाश की परंपरा है। सवाल यहां उच्च शिक्षा में अध्यापन की समय अवधि का भी है। जिसके मूल में सोच यही रही होगी कि अध्यापन को जीवंत बनाने के लिये अध्ययन, शोध और अनुसंधान को विस्तार देने के लिये पर्याप्त समय मिल सके। निस्संदेह, शिक्षा की गुणवत्ता हर व्यवस्था की प्राथमिकता होती है,ताकि देश की नयी पीढ़ी को समय की जरूरत के मुताबिक आधुनिक व व्यावहारिक शिक्षा मिल सके। उन संस्थानों में एक जिम्मेदार नागरिक के गुणों के साथ कौशल विकास का वातावरण मिल सके। पुराने समय में कहावत भी रही है कि एक शिक्षक का दायित्व एक घड़े की तरह शिष्य के व्यक्तित्व को आकार देना होता है। तेज भागती दुनिया में शिक्षा भी बहुत तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है। हमें आज विद्यार्थी यानी भावी मानव संसाधन देश के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों के मुताबिक तैयार करने की जरूरत है। यह तभी संभव है जब उनके व्यक्तित्व निर्धारण में शिक्षक पर्याप्त समय देंगे। संक्रमणकाल के दौर से गुजरते समाज में अभिभावक भी वैसा ध्यान आमतौर पर नहीं दे पाते जैसा विद्यार्थी के जीवन को संवारने के लिये जरूरी है। ऐसे में गुरुजनों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है।

एक ही मुर्गी बार-बार कई जगह हलाल!

हरिशंकर व्याससरकार से जब भी टैक्स बढने या ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स लगाने के बारे में पूछा जाता है तो उसका एक सपाट जवाब होता है कि वह टैक्स के पैसे का इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए कर रही है। कैसे? जवाब है सरकार टैक्स के पैसे से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है। फिर सोशल मीडिया में देश की जनता को धिक्कारते हुए ये पोस्ट वायरल कराए जाते है कि देश के लोग चाहते हैं कि ट्रेन दुर्घटना नहीं हो लेकिन ट्रेन का किराया बढ़ाया जाना कबूल नहीं है। लोग चाहते हैं कि सड़कें अच्छी बनें पर उसके लिए पैसा चुकाने को तैयार नहीं हैं। मोदी सरकार में इस तरह के पोस्ट का क्यों भरमार है? क्योंकि इससे सरकार की वसूली सही ठहरती है तो मुफ्तखोरी का आरोप लगा कर जनता को चुप करा दिया जाता है। असलियत बिल्कुल अलग है।गौर कर इस मिसाल पर। सरकार कहती है कि वह टैक्स के पैसे सड़क बनवा रही है। लेकिन उसी सड़क पर चलने के लिए आम नागरिक को चार बार अलग अलग तरह से पैसे देने होते हैं। गाड़ी की कीमत पर लगने वाले भारी भरकम टैक्स को छोड़ दें तब भी गाड़ी खरीदने के बाद रजिस्ट्रेशन के समय रोड टैक्स जमा कराया जाता है। उसके बाद पेट्रोल या डीजल की कीमत पर 50 फीसदी से ज्यादा टैक्स चुकाना होता है। इस टैक्स के बाद लोगों को पेट्रोल और डीजल पर प्रति लीटर के हिसाब से रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का सेस यानी उपकर भी देना होता है। अंत में सड़क पर भारी भरकम टोल टैक्स चुकाना होता है, जो अक्सर किसी निजी कंपनी को जाता है और उस पर भी सरकार जीएसटी वसूलती है। सोचें, एक मुर्गी को कितनी बार हलाल किया जाता है! असल में आजकल सरकार टैक्स के पैसे से बुनियादी ढांचे का विकास नहीं कर रही है। उसने बुनियादी ढांचे का पीपीपी या हाइब्रिड मॉडल निकाला है, जिसमें सरकार पैसा नहीं देती है, बल्कि निजी कंपनियां बैंकों से कर्ज लेकर बुनियादी ढांचे का विकास करती हैं और उसके इस्तेमाल के लिए जनता से पैसे वसूलती हैं।यह बात सिर्फ सड़क परिवहन के मामले में नहींहै, हर जगह देखी जा सकती है। एक एक करके हवाईअड्डे निजी होते जा रहे हैं। उन हवाईअड्डों पर लगने वाला यूजर चार्ज कई गुना बढ़ा दिया गया है। इसी तर्ज पर रेलवे स्टेशनों का भी कथित तौर पर विकास हो रहा है।उन्हें सुंदर बनाया जा रहा है। उसके इस्तेमाल के लिए जनता से अलग पैसे वसूले जा रहे हैं। देश भर के रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। यह काम निजी कंपनियां अपने पैसे से या बैंकों से लोन लेकर कर रही हैं। कुछ प्रोजेक्ट्स में जरूर सरकार भी पैसे दे रही है, लेकिन ज्यादातर प्रोजेक्ट निजी कंपनियां खुद पूरा कर रही हैं। बदले में लोगों से स्टेशनों के इस्तेमाल के लिए यूजर चार्ज वसूला जाएगा। प्लेटफॉर्म टिकट कई गुना बढ़ गए है। किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। नई ट्रेनें चलाई जा रही हैं तो उसमें फ्लेक्सी फेयर लागू किया गया है, जिससे ट्रेन का किराया हवाईजहाज के किराए की तरह बढ़ रहा है।लेकिन लोगों को क्या समझाया जा रहा है? उन्हें अच्छी सुविधा मिल रही है तो कुछ पैसे चुकाने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सोचें, ये दोनों बातें कैसे हो सकती हैं? एक तरफ जनता के पैसे से अच्छी सुविधा विकसित हो रही है तो दूसरी तरफ उसी सुविधा के इस्तेमाल के लिए जनता से शुल्क वसूली जा रहा है! फिर भले वह अडानी की जेब में जाए या किसी ठेकेदारी की जेब में। जो सुविधा निजी कंपनियां अपने पैसे से विकसित कर रही हैं उसके लिए सरकार उनको दूसरी सुविधाएं दे रही है। स्टेशनों पर रेलवे की जमीन का कारोबारी इस्तेमाल बढ़ रहा है। बावजूद इसके कंपनियां जनता से यूजर चार्ज वसूलती हैं। उस पर सरकार अलग जीएसटी लेती है। इस तरह से यह एक दुष्चक्र बन गया है, जिसमें जनता कदम कदम पर किसी न किसी तरह से सेवा शुल्क चुका रही है। अपनी जेबें खाली कर रही है।

जनता के पैसे से बैंक मालामाल!

हरिशंकर व्यास,सरकार की ओर से इस बात का जोर शोर से प्रचार है कि पिछले नौ सालों में बैंकों की स्थिति ठीक हुई है। उनकी बैलेंस शीट अच्छी हुई है। एनपीए कम हुआ है। यह दावा सही है लेकिन ऐसा कैसे हुआ है यह नहीं बताया जा रहा है। बैंकों की एनपीए इसलिए कम दिख रहा है क्योंकि बैलेंस शीट साफ-सुथरी रखने के लिए बैंकों के खराब लोन यानी, जो लोन लौटाए नहीं जा रहे थे उनकी वसूली करने की बजाय उन्हें बैलेंस शीट से हटा कर बट्टे खाते में डाल दिया गया। यानी राइट ऑफ कर दिया गया। इसके अलावा सरकार ने एक इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी आईबीसी बनाया, जिसे हिंदी में दिवालिया संहिता कहते हैं। इसके जरिए कंपनियों को औने पौने में अपना कर्ज निपटाने की सुविधा दी गई। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक आईबीसी के तहत बैंक अपने बैड लोन का सिर्फ 17 फीसदी वसूल कर सके हैं। बैंकों का दावा कोई नौ लाख करोड़ रुपए का था, जिसमें से 1.37 लाख करोड़ रुपए की वसूली हो पाई। लेकिन चूंकि ऐसे सारे लोन पहले ही बट्टे खाते में डाले जा चुके हैं इसलिए बैंकों की आर्थिक सेहत बताने में इनका जिक्र नहीं होता है।दो घटनाएं एक साथ हुई हैं। जब से दिवालिया संहिता लागू है और बड़े कारोबारियों का लाखों करोड़ रुपए का कर्ज या तो बट्टे खाते में गया है या औने पौने में निपटाया गया है तब से आम आदमी के लिए बैंकिंग महंगी बना दी गई है। इतनी तरह के बैंकिंग चार्ज लगा दिए गए हैं कि सिर्फ उनकी वसूली से बैंक मालामाल हो गए हैं। एक तरफ ब्याज दरों को बहुत कम रखा गया है। पिछले एक साल से ज्यादा समय तो बचत खाते या यहां तक की फिक्स जमा पर भी ब्याज रेट महंगाई दर से कम थी। यानी बैंकों में एफडी किया गया पैसा भी कम हो रहा था। बैंक ग्राहकों को कम ब्याज दे रहे हैं और कर्ज पर ज्यादा ब्याज वसूल रहे हैं।

आत्मसम्मान की रक्षा से सफलता की ऊंचाई

जो व्यक्ति अपना सम्मान करना जानता है, वह निश्चय ही दूसरों का सम्मान भी करता है। अमेरिकी मनोवैज्ञानिक अब्राहम मास्लो कहते हैं कि 'संतुलित आत्मसम्मान विकसित करने से व्यक्ति आत्म-साक्षात्कार और पूर्ण जीवन प्राप्त कर सकता है।' मास्लो यह भी कहते हैं कि लोगों के अंदर नई जरूरतें और इच्छाएं उत्पन्न होती रहती हैं। इसलिए आत्मसम्मान जीवनभर अलग-अलग हो सकता है। इसका संतुलन बनाए रखना एक निरंतर व्यायाम है। जिस तरह प्रतिदिन व्यायाम करने से व्यक्ति तन-मन से स्वस्थ रहता है, उसी तरह संतुलित आत्मसम्मान वाला व्यक्ति न केवल उच्च पद पर पहुंचता है, अपितु एक गरिमामय जीवन व्यतीत करता है। बच्चों में आत्मसम्मान की भावना को प्रारंभ से ही बढ़ावा देना चाहिए। कई बार क्रोध एवं आवेश में बच्चे की गलती पर उसे कठोर शब्द बोलकर उसके आत्मसम्मान को चोट पहुंचा दी जाती है, जिससे बच्चा गलत मार्ग की ओर मुड़ जाता है। बचपन में वे गलतियां भी करते हैं। ऐसे में गुरु एवं माता-पिता की जिम्मेदारी होती है कि वे सूझबूझ एवं समझदारी से बच्चे की गलती एवं कमज़ोरियों को दूर करें।

एक बहुत प्रसिद्ध स्कूल में एक दिन आरुष नामक एक विद्यार्थी बहुत कीमती घड़ी पहनकर आया। उसकी कीमती घड़ी ने मित्रों पर बहुत प्रभाव छोड़ा। हर मित्र स्वयं भी अपनी कलाई पर ऐसी घड़ी पहनने को लालायित था। उस दिन कक्षा में गणित की परीक्षा थी। समय देखने के लिए आरुष ने घड़ी कलाई से निकालकर मेज पर रख दी और पेपर करने लगा। पेपर करने के बाद वह हाथ-मुंह धोने के लिए कमरे से बाहर चला गया। पांच मिनट बाद वह कक्षा के अंदर आया तो क्या देखता है कि उसकी घड़ी मेज से गायब है। यह देखकर उसका चेहरा सफेद पड़ गया। आज पहली बार वह घड़ी पहनकर आया था। माता-पिता दोनों ने उसे कहा भी था कि, 'बेटा, स्कूल घड़ी पहनकर मत जाओ। इतनी कीमती घड़ी कोई चुरा न ले।' लेकिन आरुष नहीं माना। आखिर घड़ी चोरी हो गई। उसने घड़ी को हर ओर अच्छी तरह ढूंढ़ा लेकिन वह कहीं नहीं मिली। उसकी आंखों से आंसू बह निकले। वह शिक्षक के पास गया और अपनी घड़ी खोने की सूचना उन्हें दी। शिक्षक बोले, 'दरवाजा बंद कर दो। अभी कक्षा से तुम्हारे

अलावा कोई बाहर नहीं गया था। इस तरह वह घड़ी कक्षा में ही है। मैं सभी की तलाशी लूंगा। घड़ी मिल जाएगी। चिंता मत करो। तुम अपनी सीट पर जाओ।

आरुष अपनी सीट पर आकर बैठ गया। इसके बाद शिक्षक ने चपरासी से 40 काली पट्टियां मंगवाईं। उन पट्टियों को उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी की आंखों पर बांध दिया। इसके बाद वे आरुष की घड़ी खोजने लगे। कुछ ही देर में घड़ी मिल गई। उन्होंने घड़ी आरुष को थमा दी और सभी विद्यार्थियों को पट्टी उतारने के लिए बोल दिया। आरुष अपनी घड़ी पाकर फूला न समाया। लेकिन किसी भी विद्यार्थी को यह ज्ञात नहीं हुआ कि घड़ी-चोर कौन था? यह बात सिर्फ वही विद्यार्थी जानता था जिसने घड़ी चुराई थी। उसे लग रहा था कि बस किसी भी पल शिक्षक उसका नाम ले देंगे और इस तरह उसकी पोल सबके सामने खुल जाएगी। लेकिन शिक्षक ने किसी भी विद्यार्थी का नाम न लिया। दूसरे दिन भी उन्होंने चोर के बारे में कुछ नहीं कहा। चोर विद्यार्थी को आत्मग्लानि होती कि कहीं शिक्षक उसे पकड़ कर प्रिंसिपल के सामने खड़ा न कर दें।

दिन बीतते रहे और घड़ी की चोरी वाली बात धीरे-धीरे सभी विद्यार्थियों के मस्तिष्क से धूमिल होती गई। दिन महीनों में बदले, महीने सालों में। अब वह चोर विद्यार्थी एक जाना-माना उद्योगपति बन चुका था। एक दिन उसे अपने ही स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उसके वही शिक्षक भी वहां उपस्थित थे जो अब वृद्ध हो चुके थे।

स्कूल के कार्यक्रम के बाद उद्योगपति शिक्षक के पास पहुंचे और उनके पैर पकड़ लिए। शिक्षक हैरानी से उसे देखने लगे। यह देख कर उद्योगपति बोले, 'सर, आपने मुझे नहीं पहचाना। मैं वही घड़ी चोर हूं जिसने आरुष की घड़ी चुराई थी।' यह सुनकर शिक्षक को बरसों पुरानी घड़ी की चोरी वाली घटना याद आ गई। शिक्षक उसे उठाते हुए बोले, 'अच्छा वह तुम थे। मैं तो यह बात आज तक नहीं जान पाया।' यह सुनकर उद्योगपति हैरानी से बोले, 'भला यह कैसे संभव है?' शिक्षक मुस्कराते हुए बोले, 'इसलिए कि तुम सब की आंखों पर पट्टी बांधने के बाद एक पट्टी मैंने अपनी आंखों पर भी बांध ली थी ताकि मैं भी यह न जान पाऊं कि चोरी किसने की थी? यह करने का मकसद मेरा उस चोर विद्यार्थी के आत्मसम्मान को बचाना था।

यह सुनकर उद्योगपति की आंखों से आंसू बह निकले। वह बोला, 'सर, सचमुच उस दिन आपने मेरा आत्मसम्मान सिर्फ बचाया ही नहीं था, अपितु उसे आसमान जितना ऊंचा कर दिया था। अगर उस दिन मैं सबके सामने चोर साबित हो जाता तो अगले दिन मैं स्कूल में कदम न रखता और पढ़ाई छोड़ देता। आपने उस दिन न केवल मुझे मेरी गलती का अहसास दिलाया, मुझे ईमानदारी का पाठ पढ़ाया अपितु मेरे आत्मसम्मान को भी मरने से बचा लिया था। आज अगर मैं एक सफल उद्योगपति हूं तो सिर्फ इस कारण क्योंकि उस दिन आपने मुझे सबकी नज़रों में चोर साबित होने से बचा लिया था। हम सब भी एक-दूसरे के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने में लगे रहते हैं। अपनी गलती को छिपाते हैं और दूसरों की गलती को बढ़ा-चढ़ाकर सामने लाने का प्रयास करते हैं। ऐसा करते हुए हम दूसरे व्यक्ति के आत्मसम्मान को न केवल नीचा करते हैं, अपितु एक श्रेष्ठ व्यक्ति को अपने जीवन से हमेशा के लिए खो देते हैं। लोगों के आत्मसम्मान को गिरने से बचाएं। ऐसा करने से आप श्रेष्ठ मित्रों को अपने समीप पाएंगे।

शिवपुरी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाए- कु. शिवानी राठौर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी–मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में पर्यटन बढ़ाने के लिए पिछले कई वर्षो से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शिवपुरी जिले में भी पर्यटन के माध्यम से शिवपुरी जिले के युवाओं को रोजगार दिया जा सके इस संबंध में भी सरकार द्वारा के प्रयास किए गए हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा माधव राष्टीय उद्यान शिवपुरी में बाघ मंगाए गए हैं, तो पास ही श्योपुर जिले के कूनो अभ्यारण में चीते लाए हैं।शिवपुरी जिले को देश-विदेश से जोड़ने के लिए

गत दिवस राठौर समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम राठौर समाज की राजनीतिक भूमिका एवम युवा संवाद में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को कु. शिवानी राठौर समाजसेवी एवम पूर्व जिलाअध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने ज्ञापन सौंपकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा खोलने की मांग की। ज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कु.शिवानी राठौर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा खुलने से शिवपुरी के सभी समाज के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। शिवपुरी की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने के साथ पर्यटन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार की आय में भी काफी वृद्धि होगी।

सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम पर पैसा जमा कराने वाली कंपनी के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन

हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति 2 जून तक आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम पर पैसा जमा कराने वाली कंपनी के विरुद्ध न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी में प्रकरण विचाराधीन है। हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज 2 जून तक प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुविभागीय अधिकारी शिवपुरी द्वारा इश्तहार जारी कर बताया गया है कि शिकायतकर्तागण राजकुमारी पत्नी रामबाबू कुशवाह एवं कमलेश कुशवाह पत्नी अजय कुशवाह निवासीगण ग्वालियर बायपास बचपन स्कूल के पास वाली गली शिवपुरी के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आर्टिस्ट सी-ए.व्ही. एस.09 के ऑनर चंद्रशेखर वर्मा व अन्य महिला अखिलेश कुमारी राजपूत के द्वारा शिकायतकर्तागण से तीस-तीस हजार रूपये बातो में उलझाकर तथाकथित रूप से लेकर सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम से जमा कराये गये और बताया गया कि आपको काम ठीक नहीं लगता तो राशि वापिस कर दी जायेगी। लेकिन कंपनी द्वारा शिकायतकर्तागण को उनकी जमा राशि वापिस नहीं की जा रहीं है। शिकायत का जांच प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी में विचाराधीन है। हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति 2 जून तक प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अपना जवाब/आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उचित मूल्य की दुकानों के स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई तो होगी एफआईआर

एसडीएम शाह ने दिए समीक्षा बैठक में कड़े निर्देश

राकेश परिहार पिछोर

पिछोर (शिवपुरी) शिवपुरी जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के आदेशानुसार पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी आईएएस अरविंद शाह के निर्देशन में पिछोर क्षेत्र की उचित मूल्य की दुकानों के समस्त डीलरों की एक आवश्यक बैठक एसडीएम सभा कक्ष में ली गई। बैठक में अभिषेक दुबे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित थे बैठक के दौरान एसडीएम शाह ने समस्त दुकानदारों की समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन दुकानदारों द्वारा मोबाइल फीडिंग नहीं कराई गई है ,एवं द्न-द्म4ठ भी नहीं कराई जा रही है और यदि जिनकी मोबाइल फीडिंग 20त्न से कम है तथा ईकेवाईसी 30त्न से कम कराई गई है।ऐसे दुकानदारों को शीघ्र ही नोटिस जारी किया जाए। तथा उन्होंने

खाद्य आपूर्ति अधिकारी अभिषेक दुबे को निर्देश देते हुए कहा की जिन दुकानदारों का 50त्न से कम वितरण हुआ है। उनको तत्काल नोटिस जारी किया जाए ,साथ ही जिनका स्टॉक आर्डर पी ओ एस मशीन में है और दुकान पर जो अंतर पाया जाता है उस पर शीघ्र ही कार्यवाही करो ।एसडीएम ने समस्त डीलरों को निर्देश देते हुए कहा है कि जो आर्डर बहुत दिनों से मशीनों में डला हुआ है और दुकानों पर उपलब्ध नहीं पाया जाता है और उस में यदि अंतर पाया जाता है तो उस अंतर का खाद्यान्न सामग्री का उसको खुदबुर्द माना जाएगा। और उतने की द्ब.द्ब.ह्ल. कराई जाएगी ।इसलिए आप सभी विक्रेता दो दिवस में उस कोटे की पूर्ति करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें ।इस संबंध में मैं स्वयं क्षेत्र में भ्रमण करूंगा यदि कोई कमी पाई जाती है तो मैं किसी को भी नहीं छोड़ूंगा।

रामा-रामा रटते रटते बीती रे उमरिया...,त्रेता युग में शबरी को हुए श्रीराम के दर्शन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी–शबरी माता ने भगवान राम से संवाद करते हुए कहा हमारे परम गुरु महामुनि मतंग ऋषि का प्रताप है उनके आश्रम के फल फूल कभी नही मुरझाते। इनके आश्रम में आकर जंगली पशु भी हिंसा नहीं करते। आज भी यहां शेर व बकरी एक साथ बैठते है। महामुनि ने उन्हें पहले ही बता दिया था कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम लक्ष्मण सहित उनकी भार्या को खोजते हुए आएंगे तब तुम्हारी प्रभु श्रीराम से भेंट होगी। यह संवाद तात्या टोपे मैदान में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग का प्रतिष्ठा आयोजन व जिला प्रशासन के सहयोग से चल रहे श्रीराम कथा साहित्य और लोक आस्था के चरित्रों की लीला प्रस्तुति के अंतिम दिन आयोजित भक्ति मति शबरी कथा में कही। जिसमें निर्देशक हिमांशु त्रिवेदी, संगीत संयोजन मिलिंद त्रिवेदी व आलेख योगेश त्रिपाठी तथा कार्यक्रम की नृत्य व मंच निर्देशिका गीतांजलि गिरवाल थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रह्लाद भारती, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव मरावी, नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल, विजेन्द्र यादव, बृजकिशोर श्रीवास्तव डूडा अधिकारी सौरभ गौ?, नगरपालिका सीएमओ केशव सगर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भगवान राम ने बताया नवधा भक्ति मार्ग - भक्तिमति शबरी ने श्रीराम से भेंट करते हुए कहा हम नहीं जानते किस विधि से आपकी स्तुति करें। हम जाति से अंतहीन भीलनी, गंवार और बुद्धिहीन नारी है, हमें न तो मंत्र आते और न ही स्तुति। इस पर श्रीराम ने कहा माता आपने सच्ची भक्ति की है। संसार में रहने वालों को नवधा भक्ति में से कोई भी भक्ति कर भगवान को प्राप्त किया जा सकता है जिनमें संतो का संग, भगवान की कथा व प्रसंग को सुनना, अभियान रहित गुरुसेवा, भक्ति छल कपट को छो?कर भगवान के गुणों का गान करना, भगवान के नाम का मंत्र जाप और भगवान में दृ? विश्वास, इंद्रियों का दमन, पूरे संसार को भगवान से ओतप्रोत देखना, जो कुछ मिल जाए उसमें संतोष करना और स्वप्न में भी पराए दोषों को कभी न देखना। सरलता और सभी सबके साथ कपट रहित वर्ताव करना और ह्रदय में भगवान के प्रति भरोसा रखना होती है।

शिवपुरी की कलाकार रौनक ने किया अभिनय -वनवासी लीला कार्यक्रम की भक्ति मति शबरी प्रसंग कथा में गीतांजलि गिरवाल ग्रुप ग्वालियर की ओर से शबरी के बचपन का मुख्य अभिनय शहर की होनहार कलाकार रौनक शर्मा ने किया। जिसे सभी ने बहुत सराहा। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 125 से अधिक कलाकारों ने मंचीय अभिनय किया।

शिवपुरी पुलिस की आरोपियों पर तुरत कार्यवाही

पुलिस थाना सीहोर द्वारा गैंग रेप के दो-दो हजार के इनामी 4 आरोपियों को घटना के 16 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर

दिनांक 23.05.2023 को फरियादिया ने थाना सीहोर आकर रिपोर्ट किराई कि कल शाम करीब 07.00 बजे मैं अपने गांव के पहाड़ तरफ गई थी, उसी जगह मेरे ही गांव के चार लोग वहां पहले से ही बैठे हुये थे जो मुझे देखर मेरे पास आये और मेरे साथ जबरजस्ती करने लगे व मेरे सा बलत्कार किया । फरियादिया की उक्त रिपोर्ट पर से थाना सीहोर ने अपराध क्रमांक 101/2023 धारा 376डी, 341, 506 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह को घटना की जानकारी मेलते ही घटना को गंभीरता से लेते हुये तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये एवं घटना अतिसंवेदनशील एवं गंभीर प्रवर्ती की होने से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक पर 2 हजार

का इनाम घोषित किया ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सीहोर एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया एवं गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किया गये । पुलिस को मुखबिर द्वारा मिली की उक्त घटना के आरोपी छितरी तिराहा भितरवार करेरा रोड पर देखे हैं जो कहीं फरार होने की फिराक मे हैं । पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर से आज दिनांक 24/05/2023 को गैंग रेप के आरोपियों को छितरी तिराहा भितरवार करेरा रोड से गिरफ्तार किया गया है ।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीहोर मुकेश दुबौलिया,कार्यवाहक एएसआई नारायण बंजारा,प्रधान आरक्षक शमशेर सिंह,आरक्षक देवेंद्र परिहार, अरुण कुशवाह, रंजोर रावत ,ब्रजबिहारी जाट,सतेंद्र रावत,पवन पुरी, महिला आरक्षक अमृता शर्मा एवम् साइबर सेल से आरक्षक देवेंद्र सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

पिछोर के वरिष्ठ पत्रकार विशाल भार्गव ने कल दिनांक 24 मई को मुंगावली जिला अशोकनगर में वहां के पत्रकारों से सौजन्य भेट की

राकेश परिहार पिछोर

पिछोर, । जिसमे उन्होंने नगर मुंगावली में विद्या भारती शिक्षा संस्थान द्वारा संचलित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की गतिविधियों के सम्बंध में चर्चा की ओर सभी पत्रकार साथियों से विद्यालय के कार्यक्रमो में सहभागी रहना का भी आस्वासन लिया सभी पत्रकार साथियों ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के सामान्य चर्चा के कार्यक्रम होते रहने चहिए

नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारी हो रहे हैं लामबंद -जनक सिंह रावत

कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो वोट नहीं की मुहिम पकड़ रही है जोर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी।मध्य प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार की गले की हड्डी बन रहे हैं अध्यापक संवर्ग के कर्मचारी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन के लिए संगठित होकर आंदोलन में सहभागिता कर रहे हैं अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा प्रेस को दी गई जानकारी में बताया गया कि मध्य प्रदेश के अध्यापक संवर्ग के कर्मचारी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन के लिए लगातार जिलों में आंदोलन कर रहे हैं एवं भोपाल में भी आंदोलन कर चुके हैं सैकड़ों बार मध्य प्रदेश सरकार को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन आज तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया अब सभी कर्मचारी संगठन एवं अध्यापक संवर्ग के कर्मचारी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन नहीं देने पर पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम चला रहे हैं इसका असर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर जिला स्तर तक दिखने लगा है सभी कर्मचारी एक स्वर में वरिष्ठता नहीं पेंशन नहीं तो वोट नहीं की आवाज को बुलंद कर रहे हैं जो राजनैतिक दल अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन की बात को मानेगा उसी के लिए वोट करेंगे आने वाले समय में घर-घर

जाकर एक एक परिवार से मिलकर नियुक्ति ढंग से वरिष्ठता क्यों नहीं एवं कर्मचारियों को पेंशन क्यों नहीं दूसरी तरफ विधायक,सांसदों को पेंशन की पात्रता की जानकारी जनता को देंगे जब विधायक,सांसद लगातार पेंशन ले रहे हैं फिर कर्मचारियों को पेंशन क्यों नहीं देश के टैक्सपेयर के पैसे से विधायक सांसद लाखों रुपए अपनी सुख-सुविधा पर खर्च कर रहे है यह दोहरी मानसिकता है सरकार की केवल पेंशन और अन्य मांगों पर बजट का रोना रोते हैं यह कर्मचारियों को कतई मंजूर नहीं मध्य प्रदेश सरकार से सभी कर्मचारी संगठन अपील करते हैं चुनाव से पहले नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करें अन्यथा कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग रहेगा और जो राजनीतिक दल कर्मचारियों की मांगों को पूरा करेगा उसका समर्थन भी करेगा

शिवपुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

थाना रन्नौद पुलिस द्वारा 35 किलो गांजे के हरे पौधे कीमती 175000 रु. के जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के निर्देशन में एवं स्ष्ठह्रक्क कोलारस श्री विजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 23.05.2023 के दोपहर में थाना रन्नौद पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सजाई के कमल सिंह चंदेल ने अपने बाडे में बनी टपरिया के पीछे गांजे के पेड लगा रखे हैं । मुखविर सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी रन्नौद उनि. अमित चतुर्वेदी द्वारा पुलिस फोर्स के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर दबित दी । पुलिस द्वारा आरोपी कमलसिंह चंदेल पुत्र शंकरलाल चंदेल उम्र 50 साल निवासी ग्राम सजाई के बड़े मे जाकर देखा तो गांजे के पौधे लगे मिले जिसपर से कार्यवाही करते हुये आरोपी के कब्जे से गांजे के हरे पौधे वजनी 35 किलोग्राम कीमती 175000 रूपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है ।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रन्नौद उनि. अमित चतुर्वेदी, सउनि बृजमोहन सेलर , सउनि संदीप कुजूर , प्रआर 545 विजय कटारे , प्रआर 602 सरदार सिंह चौहान , आर. 1086 राजवीर पवैया , आर. 614 राजपाल मांझी , आर. चा. 383 रनवीर यादव की सराहनीय भूमिका रही ।

शिवपुरी पुलिस की अवैध सट्टा के खिलाफ कार्यवाही जारी

पुलिस थाना करैरा ने पकडा 50125 रूपये का आई.पी.एल. सट्टा एवं एक ओप्पो स्मार्टफोन

राकेश परिहार पिछोर

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ , जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं स्ष्ठह्रक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन मे दिनांक 23.05.2023 के रात करीवन 10 बजे मे थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि कच्ची गली मे गजाला ब्यूटी पार्लर के पास एक ब्यक्ति चैन्नई सुपर किंग तथा गुजरात टाईटन के आईपीएल मैच पर मोबाईल से सट्टा लगा रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मौके पर पर जाकर देखा तो एक ब्यक्ति मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार मोबाईल चलाता हुआ दिखा जिसे हमराही फोर्स की मदद से पकडा नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम अमन पुत्र आनंद गुप्ता उम्र 23 बर्ष नि.कच्ची गली करैरा का होना बताया , अमन के मोबाईल को चैक किया तो उसमे सुपर एजेन्ट आई.डी. मे आईपीएल सट्टे के 11,24,713 रूपये का लेनदेन मिला है एवं अमन गुप्ता के पेन्ट को चैक किया तो उसमे 50125 रूपये रखे होना पाये गये । अमन गुप्ता द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी अमन गुप्ता के विरूध्द धारा 4(क) सट्टा अधि. का अपराध क्र.304/2023 पंजीबध्द किया गया, आरोपी से 50125 रूपये तथा एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल जप्त किया गया है । आरोपी से सट्टे के संबंध मे पूछताछ की जा रही है । बरामद मालङ्क 50125 रूपये नगदी तथा एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल कुल कीमत 70000 रूपये । इनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी. श्री सुरेश शर्मा , उनि बीआर पुरोहित , आर 1073 अनूप द्विवेदी, आर.724 दीपेन्द्र गुर्जर, आर 319 चन्द्रशेखर मीना, आर 617 ओमप्रकाश रावत , आर 696 सोनू पांडेय

देवाधिदेव श्री सिद्धेश्वर महादेव जी की कृपा से श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ के, तीसरे दिवस में, मंडप पूजन पीठ पूजन के साथ श्री मदभागवत कथा प्रारंभ हुई

-पुष्पांजली टुडे
संवाददाता-
जितेंद्र राय

मुंगावली। जिसमे कथा व्यास श्री जितेन्द्र गोस्वामी जी ने मंच से अमृत वर्षा करते हुए बताया की भागवत का महत्व अन्य सारे ग्रंथों से अनन्य साधारण है, श्री मद भागवत कथा की अमृत देवताओं के लिए भी दुर्लभ है ,मनुष्य यदि सत्कर्म करे तो बह श्री मद्भागवत कथा का रसपान करे, श्री व्यास जी ने मंच से बोलते हुए श्री कुन्ती माता के चरित्र का वर्णन किया, उन्होंने बताया की माता कुन्ती ने मेरे गोविंद से दुखों की मांग की, क्योंकि दुख में व्यक्ति परमेश्वर का स्मरण करता है और सुख में भूल जाता है, इसलिए ईश्वर से दुखों की मांग की , सभी नगर के गणमान्य लोगों ने कथा व्यास श्री जितेन्द्र व्यास जी का मंच पर सम्मान किया, और श्री भागवत जी की आरती के साथ दूसरे दिवस की कथा का विश्राम किया गया समस्त कार्यक्रम में आचार्य श्री शिव शंकर समाधिया जी और यज्ञ ब्रम्हा जी श्री पंडित श्री अतुल प्रदीप बापट जी और यज्ञकर्ता श्री बालक दास त्यागी जी पुजारी सिद्धेश्वर मंदिर उपस्थित रहे!!

!! जय श्री सिद्धेश्वर महादेव जी की !! हर हर महादेव !!

कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट

गरियाबंद। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश पर प्रतिवर्ष 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के.सी. उरांव ने बताया कि जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पताल, बस स्टैण्ड, महाविद्यालय, प्रतिक्षालय एवं सामुदायिक भवन सहित शासकीय कार्यालयों में तंबाकू के उत्पाद से बनने वाले सामग्रियों के उपयोग को बंद करने तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे ङ्क उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, स्ट्रोक इत्यादि से बचाने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति गरियाबंद के सहयोग से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस समिति के गठन से स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से स्कूली व महाविद्यालयीन बच्चों, नागरिकों तथा पालकों को जानकारी प्रदान की जा रही है।इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम ''व्ही नीड फूड, नॉट टोबेको'' के संदेश को आम नागरिकों तक पहुंचाना है और नागरिकों की जीवन की रक्षा के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के द्वारा उन्हें तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव एवं विभिन्न बीमारियों से बचाना है।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, डीपीएम सोनल ध्रुव, एसडीएम, शिक्षा, श्रम, परिवहन, कृषि, सीएमओ, औषधी निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी गई लोगों की समस्याएं, मिले 87 आवेदन

लोगों के आवेदनो को गंभीरता से निराकरण करने के दिये निर्देश।

संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट

गरियाबंद। जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनचौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिये। जनचौपाल में मांग एवं शिकायतों से संबंधित 87 आवेदन प्राप्त हुए। जनचौपाल में ग्राम अतरमरा के लेखराम निषाद ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता प्रदान करने, ग्राम तौरंगा के आसाराम साहू ने वर्षो से काबिज घास जमीन का हक दिलाने, ग्राम सुरसाबांधा के मन्नूराम निर्मलकर ने मनरेगा रोजगार गारंटी के पैसा दिलाने, ग्राम लफंदी के अन्नूराम साहू ने आर्थिक सहायता प्रदान करने, ग्राम पोंड की अनुसुइया बाई साहू ने मनरेगा योजना के तहत भूमिसमतलीकरण व मेड़बंधी स्वीकृत करने, ग्राम नहरगांव के लोमसिंह ध्रुव ने भूमि सीमांकन कराने, ग्राम खैरझिटी के संतराम दीवान ने मनरेगा के तहत कुआं निर्माण कराने, ग्राम गा?घाट के समस्त ग्रामवासी ने प्राथमिक शाला गाड़ाघाट में अतिरिक्त कमरा निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने, ग्राम गुंडरदेही के ढेलूराम यादव ने घर व खेत बटवारा के संबंध में फर्जी स्टांप पेपर का जांच करने, ग्राम गनियारी के झंगलू राम ने अपने कृषि भूमि की बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु, ग्राम सेंदर के समस्त ग्रामवासी ने पूर्व सरपंच से बकाया राशि वसूली करने हेतु, ग्राम पारागांव के समस्त ग्रामवासी ने पानी टंकी का र्निाण कार्य जल्द प्रारंभ कराने, ग्राम देवगांव के समस्त ग्रामवासी ने पेयजल निस्तारित हेतु पानी टंकी की मांग।जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान बोले प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरुण साव गोठान घोटाले पर

गोठानों की जमीनी हालत देखकर लगा कि घोटाले हमारे अनुमान से भी अधिक -अरुण साव

कांग्रेस के मोर गोठान मोर अभियान पर बोले

घोटाला करना कांग्रेस के लिए सदैव अभिमान की बात रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ के लिए ये घोटाले शर्मसार करने वाले : अरुण साव

झीरम मामले पर-कांग्रेस के क्रियाकलापों से लगता है वो झीरम का सच छुपाना चाहती है।

मुख्यमंत्री की जेब में था सच, फिर साक्ष्य छिपा क्यों रहे पीएससी गड़बड़ी मामले पर

पीएससी में गड़बड़ी पर बोले, प्रदेश का युवा ठगा गया है, भाजपा युवाओं के संघर्ष को अंजाम तक पहुंचायेगी

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी

गोठान । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा अनुमान तो था, लेकिन यह घोटाला इतना बड़ा होगा, इसकी हमें भी कल्पना नहीं थी। शुरुआती आकलन में

अनुसार इस योजना में 1300 करोड़ की गड़बड़ी पकड़ी गई है, यह आगे इससे भी बड़ा घोटाला है। अगर इनके फ्लैगशिप योजना के साथ ऐसा हुआ है तो आप अन्य योजना की कल्पना कर सकते हैं। कांग्रेस यह घोटाला पकड़े जाने पर अभिमान अभियान चला रही है, हर घोटाला कांग्रेस के लिए अभिमान ही होता है, पर छत्तीसगढ़ शर्मसार है कांग्रेस के घोटालों से। जहां तक गौ माता का सवाल है तो इस मामले में संसद कूच कर रहे गोभक्त संतों को गोलियों से भून देने वाली कांग्रेस, दक्षिण में बक़ायदा गौ हत्या कर उसका मांस प्रदर्शनी लगा कर खाने वाले लोग अगर आज अपना गौ प्रेम दिखा रहे, तो और क्या कहा जा सकता है? ऐसे घोटालों से छत्तीसगढ़ शर्मिंदा है। गौठान के नाम पर भूपेश बघेल जी की सरकार ने घोटालों की पराकाष्ठा पार कर दी है। भूपेश बघेल जी ने दावा किया था कि प्रत्येक गौठान में 19 लाख रूपए का खर्चा किया गया है। हमने भी गौठान देखे। प्रदेश के हर जिले में सभी गौठानों का दौरा किया। उसी निरीक्षण में भूपेश बघेल जी के झूठों का पर्दाफाश हो गया। वही खामियां को ग्रामीण गिना रहे थे, आज प्रदेशवासियों और मीडिया के साथियों ने भी देख ली।पीएससी घोटाले पर श्री साव ने कहा कि पीएससी घोटाले ने प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य और उनका आत्मविश्वास तोड़ कर रख दिया है। लोक सेवा आयोग जैसी संस्था पर भरोसा की बदौलत ही लाखों युवा अपनी जवानी समर्पित कर देते हैं, उनका विश्वास जिस तरह टूटा है, यह काफी खतरनाक है। जैसा भाई भतीजावाद किया गया है इस मामले में, वह दुखद है।छत्तीसगढ़ शर्मसार है इससे। भाजपा लगातार युवाओं की इस पीड़ा को सदन से लेकर सड़क पर उठा रही है। हम संवैधानिक समेत अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। इस घोटाले के खिलाफ युवाओं के संघर्ष को हम अंजाम तक पहुँचायेंगें।

झीरम मामला : श्री अरुण साव ने कहा कि जिस तरह भूपेश बघेल इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष रहने से लेकर आजतक झूठ फैला रहे हैं, जैसी बयानबाज़ी कर रहे हैं, उससे यह कहने को विवश हैं कि कांग्रेस खुद सच को छुपाना चाहती है हम पूरी ज़िम्मेदारी के साथ यह बात कह रहे हैं,आख़िर जिस झीरम का सबूत जेब में होने का भूपेश जी दावा करते थे, वह सबूत कहां छोड़ आये हैं वे, किसे दे आये, कहां छिपा आये, यह बड़ा सवाल है।राष्ट्रीय रामायण आयोजन : कालनेमि ने भी राम-राम बोला था, लेकिन राम जी भक्ति के लिए नहीं, बल्कि हनुमान जी का मार्ग रोकने के लिए। कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठना लाजिमी है। क्योंकि, रामसेतु के अस्तित्व को नकारा, भगवान राम को काल्पनिक बताया। श्रीराम मंदिर का विरोध किया। छत्तीसगढ़में उस भगवा ध्वज का अपमान जिसे भगवान राम अपने रथ पर लगाते थे। हिन्दु संस्कृति का विरोध करने वाले को कांग्रेस का समर्थन। हिन्दु समाज के युवा भुनेश्वर साहू की हत्या पर उन्हें न्याय न मिलना।

मैनपुर युवा कांग्रेस द्वारा.मेरा गौठान, मेरा अभिमान अभियान के तहत समूहों की महिलाओं का साड़ी और श्रीफल से सम्मान

प्रदेश के बढ़ते विकास को भाजपा पचा नहीं पा रही है - शाहिद मेमन

संवाददाता हेमचंद नागेश

मैनपुर - प्रदेश में गौठान को लेकर जमकर राजनीति हो रही है एक तरफ बीजेपी गौठान में जाकर इस योजना की पोल खोलने मे लगी है तो दुसरी ओर युवा कांग्रेस भी तगड़ा जवाब देने गौठानों में पहुंचकर मेरा गौठान मेरा अभिमान की शुरूआत किया है और गौठानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों सहित गौठानो मे वर्मी कम्पोस्ट बनाकर आर्थिक रूप से सक्षम हो रहे महिला स्वः सहायता समूह की सदस्यों को साल, श्रीफल, धोती भेंटकर सम्मान किया जा रहा है आज बुधवार को युवा कांग्रेस मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष शाहिद मेमन के नेतृत्व में बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम भाठीगढ स्थित गौठान में पहुंचकर सबसे पहले एक घंटा श्रमदान किया और गौठान में काम करने वाली संतोषी महिला स्वः सहायता समूह के महिलाओं को साल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया तो गौठान में कार्य करने वाले ग्रामीणों को धोती भेटकर सम्मान किया, इस दौरान स्वः सहायता समूह के महिला पुष्पा नेगी, पुष्पा साण्डे, दुलेश्वरी नेगी, यशकुमारी ध्रुर्वा, बिमला ध्रुव, देवकी बाई ने बताया कि महिला स्वः सहायता समूह भाठीगढ गौठान में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर एक एक सदस्य 25-25 हजार रूपये आर्थिक लाभ हुआ है और यहा निर्माण किये जाने वाले वर्मी कम्पोस्ट की मांग है साथ ही यहा कार्यरत कर्मचारी जयराम चक्रधारी, भगवान ध्रुव ने बताया कि भाठीगढ गौठान में मवेशियों के लिए प्रर्याप्त चारा और पानी की व्यवस्था है, उन्होने बताया कि यह गौठान है यहा मवेशियों को रखा नही जाता बल्कि आने वाले मवेशियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था किया जाता है।गौठान में पहुचकर युवा कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष शाहिद मेमन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, पूर्व जिला महामंत्री गुलाम मेमन, ब्लॉक महामंत्री गेंदु यादव , तनवीर राजपुत, इम्तियाज मेमन, खेलन साहू, जाकीर रजा, टीकम पटेल के उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों व महिला स्वः सहायता समूह के सदस्यों ने श्रमदान किया इस दौरान ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन ने कहा कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की यह महत्वकांक्षी योजना बेहद सफल साबित हो रही है, जिसे भाजपा पचा नही पा रही है और जनता को भ्रमित किया जा रहा है इसलिए युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा को आईना दिखाने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

गौठानों की सफलता देख भाजपा घबरा गई है - डाकेश्वर नेगीभाठीगढ के जनपद सदस्य एंव वरिष्ठ कांग्रेस नेता डाकेश्वर नेगी ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के महत्वपूर्ण योजना गौठान की सफलता को देखकर भाजपा घबरा गई है और सरकार के खिलाफ भ्रम फैला रही है, भाजपा नेताओं को गोधन न्याय योजना की पुरी जानकारी नही है और नही गौठान की भाजपा नेता छत्तीसगढ में गांव, गरीब, किसान सहित गौपालकों की समृध्दि और विकास से विचलित होते जा रहे है, उन्होने आगे कहा कि अपनी खिसकती हुई जमीन से घबराकर छटपटा रहे भाजपा के नेता भुपेश सरकार के खिलाफ उल्टा, सीधा बयान बाजी कर रहे है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न,प्रदेश सरकार की केवल एक ही नीति है, प्रदेश को लूटना - अरुण साव

अल्पसंख्यक मोर्चा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार - शकील अहमद

बैठक में विस्तृत कार्ययोजना बनी।

किरीट तिवारी रायपुर संवाददाता

रायपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, छत्तीसगढ़ प्रभारी मो. सद्दाम, प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, आरिफ खान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शकील अहमद ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक में आये पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा मोर्चा को जो जिम्मेदारी दी है उसे सभी कार्यकर्ताओं ने तन्मतया से पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर तरफ माफिया, दलाल एवं भ्रष्टाचार सक्रिय है और यही प्रदेश की कांग्रेस एवं सरकार को चला रहे है। यह सबको पता है कि प्रदेश में कांग्रेस के राज में

भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है चाहे वह कोयले की दलाली हो या फिर शराब में 2000 करोड़ रुपए का घोटाला हो, इस सरकार की केवल एक ही नीति है प्रदेश को लूटना और गांधी परिवार को खुश करना। श्री साव ने कहा कि प्रदेश के मुखिया एक परिवार में अपना नंबर बड़ाने के लिए प्रदेश का पैसा मिस्टर कलेक्शन मास्टर बन कर पूरा कर रहे हैं। प्रदेश में हर तरफ भय आतंक एवं भ्रष्टाचार व्याप्त है। शराबबंदी करने का झूठा वादा करके महिलाओं को ठगा, पेंशन देने का वादा करके बुजुर्ग एवं विधवा महिलाओं से छल किया। गोठान में केन्द्रीय मद के पैसों का दुरुपयोग करके करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया। गोठानों में गोबर खरीदी के नाम पर भी भ्रष्टाचार हुआ है। 1300 करोड़ रुपए के गोठान प्रदेश सरकार ने बनाए लेकिन इन गौठानों न गौ माता है, ना पानी, ना ही चारा और न ही पशुओं के लिए कोई शेड बनाया गया है।भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय बैठक में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि केन्द्रीय योजनाओं के अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी परिवार के घर-घर जाकर उन्हें योजनाओं के बारे में बताना है। 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान में जु?कर कार्यक्रम करना है। जिसमें लाभार्थियों का सम्मान करना है। छत्तीसगढ़ प्रभारी मोहम्मद सद्दाम ने अपने वक्तव्य में कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा को छत्तीसगढ़ में मजबूती से कार्य करना है और हर एक बूथ में जाकर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के बीच केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है। प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज ने कहा कि कार्यसमिति में आये सभी मोर्चा जिलाध्यक्षों, कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्यों से विगत दिनों की कार्ययोजनाओं की जानकारी ली और सभी पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक

जमीनी स्तर बैठक लेकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। मोर्चा सह प्रभारी आरिफ खान ने कहा कि अपनी टीम बनाकर चुनाव को लेकर तैयारी करनी है सभी जिलाध्यक्षों को आने वाले 6 महीनों में अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। अल्पसंख्यक समाज में अपनी सहभागिता बनाना है। अल्पसंख्यक समुदायों में पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शकील अहमद आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी जिला अध्यक्षों की बैठक करनी है। सभी 35 जिलों में जाकर जितने अल्पसंख्यक बूथ एवं वोटर की जानकारी तैयार करनी है और 15 साल में भाजपा शासन की योजनाओं का लाभ मिला और भूपेश की चार साल की तुलना में किसी प्रकार का अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। इन्हीं मुद्दों को लेकर जून में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करना है और संभागीय कार्यकर्ता सम्मेलन कराकार जिन लाभार्थियों को केन्द्र योजनाओं का लाभ मिला है उनका सम्मान करना है और पार्टी द्वारा दिये गये दायित्वों को पूरा करना है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मखमूर इकबाल खान एवं आभार असगर अली ने किया। दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा श्रीमती नजमा अजीम, मिर्जा एजाज बेग, दिलीप सिंह होरा सहित मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

बैठक में बनी कार्ययोजना –आने वाले आगामी चुनाव के लिए में भाजपा का जनाधार ब?ाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मेलन करना है। जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा लोगों को केन्द्रीय योजनाओं

जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित सभी योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान करना है। विधानसभा अनुसार प्रत्येक बूथ में 100 से अधिक वोटरों को जोड़ना है। सभी जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की सूची तैयार करनी है।प्रत्येक जिलों में कितने अल्पसंख्यक समुदाय के बूथ है,

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने सौपा गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन

प्रधान पाठक के शेष पदों पर शीघ्र पदोन्नति की रखी मांग

संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में प्रमोशन कि प्रक्रिया इन दिनों अंतिम चरण में है!वहीं गरियाबंद जिले में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति कि प्रक्रिया विगत 31 अक्टूबर 2022 से शुरू हुई थी!जिसके अन्तर्गत गरियाबंद जिले के अधिकांश सहायक शिक्षकों को काऊसिलिंग के माध्यम से पदोन्नति दे दी गई है!लेकिन वही दूसरी ओर जिले के सैकड़ों सहायक शिक्षकों का विभागीय जांच का हवाला देकर पदोन्नति में रोक लगा दिया गया है कि शिक्षा विभाग सर्वप्रथम उनकी विभागीय जांच करके उसके उपरांत ही पात्र शिक्षकों को पदोन्नति देगी!ज्ञात हो कि छ्ः महीनें बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग ने जांच पूर्ण नही कर सका है!जिसके कारण सहायक शिक्षकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है!आक्रोशित सहायक शिक्षकों ने बताया कि जांच प्रक्रिया एवं पदोन्नति में लेटलतीफी होने के कारण उनके सीनियार्टी को भी नुकसान पहुंचेगा!इतना ही नही बल्कि जिले के कई सहायक शिक्षकों का रायपुर संभाग में भी उच्च श्रेणी शिक्षक के पदों पर पदोन्नति सूची में नाम शामिल है!जिसका पदोन्नति हेतु काऊसिलिंग प्रक्रिया रायपुर में गत 17 मई से 21मई तक चला!जिसमें भी उन्हें विभागीय जांच/परीक्षण अपूर्ण है कहकर काऊसिलिंग में शामिल होने से वंचित रखा गया!इसलिए भी सहायक शिक्षकों में नाराजगी है!आक्रोशित सहायक शिक्षकों ने गत दिनों छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई गरियाबंद के नेतृत्व में गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक को ज्ञापन सौपकर मांग किया है कि जिलेभर के सहायक शिक्षकों का विभागीय जांच पूर्ण करवाकर शीघ्र

लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शुरू किया जाये!प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि शिक्षा विभाग में संविलियन होने के उपरांत किसी भी सहायक शिक्षकों का विभागीय जांच सबंधी कोई भी प्रकरण लंबित नही है!फिर भी सहायक शिक्षक जांच के लिए तैयार है!लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते 6 माह बीत जाने के बाद भी जांच पूर्ण नही हो सका है!प्रतिनिधिमंडल के मांग पर गंभीरता दिखाते हुए गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक ने दूरभाष के माध्यम से गरियाबंद डीईओ को निर्देशित किया है कि लंबित मामलों कि जांचकर शीघ्र पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करें!वहीं पदोन्नति में लेट लतीफी के कारण एक बार फिर जिलेभर के सहायक शिक्षकों द्वारा आंदोलन की रणनीति बनाई गई है!इस संबंध में फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि पदोन्नति प्रक्रिया में और विलंब हुआ तो अपने अधिकार के लिए समस्त सहायक शिक्षक जिला कार्यालय गरियाबंद का घेराव प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगें!जिसकी संपूर्ण जवाबदेही सबंधित विभाग की होगी!ज्ञापन देने जिलेभर के सहायक शिक्षकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित हुए!प्रतिनिधिमंडल में प्रमुखरूप से जिलाध्यक्ष कुमेंद कश्यप,उपाध्यक्ष खोमन सिन्हा, कोषाध्यक्ष गणेश दूर्गा,मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष उमेश श्रीवास, सचिव सुरेश शर्मा,वीरेंद्र बघेल, अजय यादव,अजय सिन्हा, रूद्रप्रसाद त्रिपाठी,भुवन मांझी, मोतीलाल दूर्गा,अवतार सिन्हा, जितेंद्र नागेश,जनसिंह सोरी, रूपसिंह यादव,अशोक मांझी, सुनील कुमार,वीरेंद्र यादव लक्ष्मीकांत दूबे,जगजीवन प्रधान महेंद्र यादव,अशोक मांझी, गजानन बघेल,वेदमल भाठी शंभू मिश्रा,संतराम डोंगरे, बनसिंह नागेश,भोमराज देवांगन अजय सेन,छबिश्याम साहू, नीलाधर प्रधान,उत्तम प्रधान, मिथलेश ध्रुव,पुनारद निषाद, कुंवर नागेश,भागवत पटेल, लिलाम्बर मांझी,आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए!

बॉलीवुड के राइजिंग स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी ने फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में बनाई जगह

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री अपने प्रतिभाशाली अभिनेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करता है, और आज हम यहां सिद्धांत चतुर्वेदी की जीत का जश्न मना रहे हैं जिन्होंने फोर्ब्स एशिया की प्रतिष्ठित 30 अंडर 30 लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर बलिया से आने वाले सिद्धांत ने अपने चार्म और बेहतरीन एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं।सिद्धांत चतुर्वेदी की लोकप्रियता में उनकी डेडिकेशन, जुनून और अद्वितीय टैलेंट का खूब हाथ है। अपनी विनम्र शुरुआत से लेकर भारत के सबसे होनहार अभिनेताओं में से एक बनने तक, सिद्धांत की यात्रा किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं रही हैं। अपनी हर भूमिका के साथ वह दर्शकों को बांधे रखते हैं और एक अमिट छाप छोड़ते हैं।फोर्ब्स एशिया 30 अंडर 30 लिस्ट उन व्यक्तियों को पहचानती है जिन्होंने अपने फील्ड में अहम योगदान दिया है, और सिद्धांत का फिल्म इंडस्ट्री में शामिल होना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी प्रतिभा पर रोशनी डालता है और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता का सबूत भी पेश करता है।क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्म गली बॉय में एमसी शेर के रूप में अपनी सफल भूमिका के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने सबके होश उड़ा दिए। एक स्ट्रीट रैपर के मेंटर के उनके किरदार ने आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से तारीफ हासिल की, जिसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स और नॉमिनेशन्स भी मिले। उनकी गतिशील ऑन-स्क्रीन उपस्थिति और उनके कैरेक्टर्स में गहराई लाने की क्षमता ने उन्हें फिल्मी जगत में एक ताकत बना दिया है।गली बॉय की सफलता के बाद सिद्धांत ने अपने डाइवर्स च्वाइस की भूमिकाओं के साथ फिल्म इंडस्ट्री में लहरें पैदा करना जारी रखा हैं। चाहे वह एक आकर्षक रोमांटिक लीड हो, एक कॉम्प्लेक्स और ब्रूडिंग किरदार हो, या एक कॉमिक

रोल हो, वह सहजता से अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार में जान फूंक देते हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के चलते उनका एक समर्पित फैनबेस भी है और उन्होंने बॉलीवुड में एक उभरते हुए सितारे के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।अपने अभिनय कौशल के अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी के पास एक अनोखा चार्म है जो दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होता है। उनकी विनम्रता, डाउन-टू-अर्थ नेचर और संक्रामक मुस्कान ने उन्हें मीडिया का फेवरेट और उनके सहयोगियों के बीच पसंदीदा बना दिया है। सिद्धांत अपनी बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, जमीन से जुड़े रहें और अपने शिल्प के प्रति कमिटेड रहें, सीमाओं को पार करने और असाधारण प्रदर्शन देने के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं।फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में सिद्धांत का शामिल होना एक रिमाइंडर है कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती है। उनकी उपलब्धियां न केवल महत्वाकांक्षी अभिनेताओं बल्कि सभी फील्ड्स के युवाओं को अपने सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं।जैसे-जैसे सिद्धांत चतुर्वेदी के सितारें बढ़ रहे हैं, वे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में काम करते हैं जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं। अपने शिल्प के प्रति उनका डेडिकेशन, उनके संक्रामक जुनून के साथ, अगली पीढ़ी की प्रतिभा के लिए एक प्रेरणा है। हर परियोजना के साथ वह अपनी लिमिट्स को आगे बढ़ा रहे हैं और एक्सीलेंस के लिए नए बेंचमार्क स्थापित करते हैं।हम सिद्धांत चतुर्वेदी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। अब जब वह फोर्ब्स एशिया के 30 अंडर 30 के प्रतिष्ठित रैंक में शामिल हो चुके हैं, तो हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले सालों में वह सिल्वर स्क्रीन पर अपनी गहरी चमक बिखेरते नजर आएंगे। उनकी सफलता युवा कलाकारों को खुद पर विश्वास करने और निडर होकर अपने सपनों का पीछा करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम करे।कह सकते है, सिद्धांत चतुर्वेदी ने देश को गौरवान्वित किया है, और हम उम्मीद करते है कि आप आगे भी अपने शानदार काम से देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेंगे।

क्या रजनीकांत लेंगे फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास?

क्या तमिल सुपरस्टार रजनीकांत लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित अपनी 171वीं फिल्म के बाद फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।तमिल फिल्म निर्माता मैसस्किन ने एक इंटरव्यू में कहा कि रजनीकांत की प्रस्तावित युवा निर्देशक लोकेश कंगाराज के साथ प्रस्तावित फिल्म सुपरस्टार के फिल्मी करियर की आखिरी फिल्म हो सकती है, जिसके बाद से उद्योग जगत में अटकलों का दौर चल रहा है।निर्देशक की टिप्पणी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गई। इस खुलासे ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया है और रजनीकांत के कई प्रशंसकों ने इस पर विश्वास करने से इनकार कर दिया।एक फैन ने कहा, नहीं, थलाइवा ऐसा कोई फैसला नहीं करेंगे। एक अन्य फैन ने अटकलों पर विराम लगाने का आह्वान किया। फैंस का कहना है

कि रजनीकांत ने कभी संन्यास की बात नहीं की और इसलिए वे किसी और के बोलने पर विश्वास नहीं करेंगे।72 वर्षीय सुपरस्टार की पर्दे पर आने वाली अगली फिल्म जेलर होगी। नेल्सन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, वह रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या द्वारा निर्देशित लाल सलाम में भी नजर आएंगे।रजनीकांत की 170वीं फिल्म, अस्थायी टाइटल थलाइवर 170 को टीजे ज्ञानवेल द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इसके बाद लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित थलाइवर 171 होगी। इसका निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किए जाने की संभावना है।निर्देशक मैसस्किन ने खुलासा किया कि रजनीकांत अपनी 171वीं फिल्म के लिए विक्रम और कनगराज के साथ काम करेंगे। मैसस्किन के अनुसार, रजनीकांत ने स्वयं लोकेश से संपर्क किया था और उनके साथ सहयोग करने में रुचि दिखाई थी।मैसस्किन, जो लोकेश की फिल्म लियो में अभिनय कर रहे हैं, ने यह कहकर एक ट्विस्ट जोड़ा कि थलाइवर 171 रजनी के करियर की आखिरी फिल्म हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इस बारे में 100 प्रतिशत निश्चित नहीं हैं।रजनीकांत के प्रशंसकों का कहना है कि उनके फिल्मों से संन्यास लेने की अफवाहें कोई नई नहीं हैं। संन्यास की अफवाह काला (2018) के बाद भी जोरों पर थी, लेकिन दिग्गज अभिनेता ने नई फिल्में साइन करना जारी रखा। उन्हें उम्मीद है कि सुपरस्टार उनका मनोरंजन करना बंद नहीं करेंगे।

सुरवीन चावला एक दशक के बाद कान फिल्म फेस्टिवल में होंगी शामिल

एक्ट्रेस सुरवीन चावला प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में नजर आएंगी। प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में सुरवीन का यह दूसरा मौका है। उन्होंने 2013 में कान में अपनी फिल्म अग्ली के लिए शुरूआत की थी।इस बारे में बात करते हुए सुरवीन ने कहा, मैं प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में दूसरी बार जाने को लेकर उत्साहित हूं। कान मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है और इस प्रतिष्ठित रेड कार्पेट का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है।मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे साल के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक में भाग लेने का मौका मिला, जिसमें फिल्म दिग्गज, फैशन एक्सपर्ट्स और मनोरंजन इंडस्ट्री के सबसे बड़े नाम शामिल हुए। मैं हाई फैशन लेंस के माध्यम से हमारी वाइब्रेंट कल्चर का एक हिस्सा प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हूं।सारा अली खान, ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने वहां रेड कार्पेट पर अपना बेस्ट फैशन पेश किया।

सोनू सूद की कर्नाटक में रिलीज हुई राजनीतिक फिल्म श्रीमंथा

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की श्रीमंथा और तीन अन्य कन्नड़ फिल्में शुक्रवार को कर्नाटक में रिलीज हुईं। डेयर डेविल मुस्तफा, हॉकी पर केंद्रित ड्रामा जर्सी नंबर 10 और सुमन अन्य फिल्में हैं। श्रीमंथा पिछले महीने रिलीज होने वाली थी, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण इसे टाल दिया गया। कर्नाटक के पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, साथ ही वरिष्ठ नेता बासवराज होरात्ती और ईश्वर खंड्रे सहित कर्नाटक के राजनेताओं ने फिल्म में अतिथि भूमिका निभाई है, जो किसानों के जीवन पर आधारित है।फिल्म के डायरेक्टर रमेश हसन हैं। सोनू सूद के साथ क्रांति और कल्याणी मुख्य किरदार निभा रहे हैं।डेयर डेविल मुस्तफा प्रशंसित

और बहु-प्रतिभाशाली कन्नड़ लेखक केपी पूर्णचंद्र तेजस्वी की कहानी पर आधारित एक कॉमेडी ड्रामा है। शशांक सोगल निर्देशक हैं।जर्सी नंबर 10 एक हॉकी खिलाड़ी की दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी है। राज्य स्तरीय हॉकी खिलाड़ी आद्या थिमैया, जो निमार्ताओं में से एक हैं, मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म को आद्या थिमैया और राशिन सुब्बैया द्वारा सह-निर्मित किया जा रहा है।सुमन रवि सागर द्वारा निर्देशित है और इसमें धर्मा कीर्तिराज, रजनी भारद्वाज, जायलीन गणपति और निमिका रत्नाकर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

लियो के बाद अपनी अगली फिल्म के लिए थलापति विजय ने वेंकट प्रभु संग मिलाया हाथ

इस वर्ष जनवरी माह में वारिसु में नजर आए थलापति विजय अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गए हैं। सिने गलियारों में बहती हवाओं ने कहा है कि थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक वेंकट प्रभु संग हाथ मिलाया है। जब से यह समाचार गलियारों में फैला है उद्योग को हैरानी हो रही है। कहा जा रहा है एक असफल निर्देशक के साथ क्यूंकर विजय थलापति काम करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि निर्देशक वेंकट प्रभु की हालिया प्रदर्शित फिल्म कस्टडी बॉक्स ऑफिस पर असफल करार हो गई है। कहा जा रहा है कि थलापति विजय को वेंकट प्रभु का आइडिया पसन्द आया है और उन्होंने उनकी फिल्म को हाँ कर दी है। इससे पहले विजय की 68वीं फिल्म के लिए निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी और निर्देशक एटली की अगली फिल्म के बारे में चर्चा चल रही थी। अचानक से वेंकट प्रभु बीच में कैसे आ गए इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।हालांकि इन दिनों थलापति विजय निर्देशक लोकेश कनगराज

की फिल्म लियो को पूरा करने में लगे हुए हैं। वारिसु के जरिये हिन्दी भाषी दर्शकों को अपने साथ जोडने् में सफल रहे थलापति की अब सभी फिल्मों को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किए जाने की चर्चाएँ हैं। कहा जा रहा है कि लियो को कनगराज तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड और हिन्दी में प्रदर्शित करेंगे। कनगराज की पिछली प्रदर्शित फिल्म विक्रम भी पैन इंडिया प्रदर्शित हुई थी।मीडिया समाचारों के अनुसार थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए 200 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री के पॉपुलर डायरेक्टर वेंकट प्रभु के साथ हाथ मिलाया है। बताया जा रहा है कि थलापति विजय को ये रकम एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा दी जाएगी। हालांकि, थलापति विजय को 200 करोड़ रुपये की फीस वाली बात की पुष्टि नहीं हुई है। इसको लेकर मेकर्स या अभिनेता की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। बताते चलें कि एजीएस एंटरटेनमेंट वही कंपनी है जिसने साल 2019 में रिलीज हुई थलापति विजय की फिल्म बिगिल को प्रोड्यूस किया था।थलापति विजय के वर्क फ्रंट की बात करे तो पिछली बार जनवरी, 2023 में रिलीज हुई फिल्म वारिसु में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। अब थलापति विजय डायरेक्टर लोकेश कनगराज की फिल्म लियो में काम करते दिखाई देंगे। फिल्म लियो में थलापति विजय के अलावा संजय दत्त और तृषा कृष्णन भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म लियो को लेकर बताया जा रहा है कि इसमें थलापति विजय के पिता की भूमिका में संजय दत्त नजर आएंगे। ये फिल्म गैंगस्टर थ्रिलर बताई जा रही है।

कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए काफी एक्साइटिड हैं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय चल रहे प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, मौनी, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट के साथ सहयोग किया है, ने कहा- मुझे कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कान में लेंसकार्ट का प्रतिनिधित्व करना और इस उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है।मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए आभारी हूं और इस वैश्विक मंच पर सिनेमा के लिए अपनी अनूठी शैली और जुनून दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसमें कई अन्य लोगों के अलावा संजय दत्त और पलक तिवारी भी हैं।

अक्षरा सिंह और राहुल शर्मा की फिल्म फिल्म डार्लिंग का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह और अभिनेता राहुल शर्मा की आने वाली फिल्म डार्लिंग का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।निर्माता प्रदीप के शर्मा और निर्देशक रजनीश मिश्रा की फिल्म डार्लिंग' का ट्रेलर वर्ल्ड वाइड भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।इस अवसर पर राहुल शर्मा, अक्षरा सिंह, रोहित सिंह मटरू, प्रदीप के शर्मा, रजनीश मिश्रा और प्रस्तुतकर्ता रत्नाकर कुमार मौजूद रहे। डार्लिंग बाबा मोशन पिक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रत्नाकर कुमार द्वारा प्रस्तुत फिल्म है।राहुल शर्मा ने बताया कि फिल्म डार्लिंग में मेरा किरदार आज के नौजवान का है, जो दीवानगी की हदें क्रॉस कर देता है। यह फिल्म सबों खास कर युवाओं को बेहद पसंद आने वाली है, इसलिए इसे जरूर सिनेमाघरों में जाकर देखें। फिल्म बेहद अच्छी है। अक्षरा सिंह के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा।अक्षरा के साथ स्क्रीन शेयर करके खुशी मिली। उन्होंने थ्रूआउट मुझे गाइड भी किया। अभिनय से लेकर कैरेक्टर को पोट्रे करने में मेरी मदद की। उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित था और नर्वस भी।अक्षरा सिंह ने कहा कि बहुत सी फिल्में बनती हैं भोजपुरी इंडस्ट्री में, लेकिन अधिकांश में यूथ को टारगेट नहीं कर पाते हैं। मैंने अबतक जो भी मुकाम हासिल किया है, उसमें यूथ का योगदान है। फिल्म डार्लिंग से आप और हम रिलेट कर सकते हैं। डार्लिंग अमेजिंग फिल्म है। रजनीश मिश्रा बेहतरीन निर्देशक हैं।उनके साथ मैं बहुत दिनों से फिल्म करना चाह रही थी। मैं इंतजार में थी कि उनके साथ काम करने का मौका मिले, जो इस फिल्म डार्लिंग में मिला। उनकी मेकिंग शानदार होती है। चाहे रोमांस हो, यह कुछ भी। वे कंप्लीट सिनेमा बनाते हैं। इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।फिल्म डार्लिंग को लेकर निर्माता प्रदीप के शर्मा और निर्देशक रजनीश मिश्रा ने लोगों को फिल्म डार्लिंग थियेटर में जाकर देखने की अपील की। वहीं, रत्नाकर कुमार ने कहा कि डार्लिंग जैसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा और भोजपुरी को गौरवान्वित करने वाली है।गौरतलब है कि फिल्म डार्लिंग की को प्रोड्यूसर अनीता शर्मा है। फिल्म डार्लिंग में अक्षरा सिंह और राहुल शर्मा के साथ शुरुश्ती पाठक, अमित शुक्ला, संजय महानंद, रोहित सिंह मटरू और सुजान सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का गीत रजनीश मिश्रा, प्रफुल्ल तिवारी और संतोष उत्पाती का है। म्यूजिक रजनीश मिश्रा ने दिया है। एक्शन दिलीप यादव का है। कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और संजीव शर्मा ने की है। फिल्म का म्यूजिक वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के पास है।

देवरा बनकर सिनेमाई परदे पर गदर मचाएंगे जूनियर एनटीआर, साथ होंगी जाह्नवी कपूर

आरआरआर के बाद अपनी अगली फिल्म निर्देशक शिवा कोराताला के साथ लेकर आने वाले जूनियर एनटीआर ने हाल ही में अपना 40वां जन्म दिन मनाया है। इस खुशी के मौके पर कोराताला शिवा की टीम ने अपनी फिल्म के टाइटल व प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का देवरा है और यह 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में पैन इंडिया प्रदर्शित की जाएगी। आरआरआर के बाद से जूनियर एनटीआर का क्रेज हिन्दी भाषी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते अब उनकी फिल्मों को हिन्दी में प्रदर्शित किया जाएगा।जाह्नवी कपूर संग रोमांस करेंगे जूनियर एनटीआरगौरतलब है कि जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोराताला शिवा की इस फिल्म में हिन्दी फिल्मों में नजर आ रही जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसका धमाकेदार ऐलान मेकर्स ने कुछ वक्त पहले ही किया था। जाह्नवी कपूर की यह पहली साउथ फिल्म होगी। जिसमें वो जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरताला शिवा की ये फिल्म एक पैन इंडिया रिलीज होगी। यही वजह है कि इस

फिल्म को मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं।जूनियर एनटीआर-कोरताला शिवा ने दूसरी बार मिलाया है हाथखास बात यह है कि जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा इससे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म जनता गैराज में एक साथ काम कर चुके हैं। यही वजह है कि इस फिल्म से भी दर्शकों को खासी उम्मीदें हैं। जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा की इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल और अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आई थीं। फिल्म की बंपर सक्सेस के बाद अब दूसरी बार ये स्टार एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी दोबारा धमाल मचाने की तैयारी में हैं।कोरताला शिवा के लिए बेहद जरूरी है जूनियर एनटीआर की फिल्मयाद दिला दें कि निर्देशक कोराताला शिवा ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री को कई शानदार और सुपरहिट फिल्में दी हैं। मगर बीती दफा सुपरस्टार राम चरण और चिरंजीवी संग आई उनकी फिल्म आचार्य थियेटर्स में धमाल नहीं मचा पाई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। जिसकी वजह से कोराताला शिवा भारी कर्जे में डूब गए थे। इस मुश्किल वक्त में निर्देशक को जूनियर एनटीआर ने सपोर्ट किया। अब देखना दिलचस्प होगा कि उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में कैसा प्रदर्शन कर सकेगी।

क्रांतिवीर देश के गर्वित कीर्ति स्तंभ हैं : सुनीता पाठक

क्रांतितीर्थ अभियान के तहत् विशेष महिला काव्य गोष्ठी हुई संपन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर । अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित ÷क्रांति तीर्थ अभियान÷ के अंतर्गत मध्यभारतीय हिंदी साहित्य सभा ग्वालियर द्वारा क्रांति तीर्थ विशेष महिला साहित्यकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात् व्याप्ति उमड़ेकर द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं परिषद गीत पलक सिकरवार द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार जान्हवी नाईक ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुंदा जोगलेकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कथाकार सुनीता पाठक एवं सभा अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव मंचासीन रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ करुणा सक्सेना ने प्रस्तुत की एवं आभार सभा के सह मंत्री उपेंद्र कस्तूरे ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुंदा जोगलेकर ने वीर सावरकर जी के जीवन के संघर्ष को वर्णित करते हुए कविता का पाठ किया। मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन सुनीता पाठक ने ज्ञात, अज्ञात एवं अल्प ज्ञात क्रांतिवीरों के संस्मरण सुनाते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित क्रांति तीर्थ अभियान के विषय में विस्तार से बताते हुए 11जून2023 को शिवपुरी में आयोजित होने जा रहे ÷क्रांतिवीर अभियान ÷के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए सभी का आह्वान किया।

क्रांति तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत सभी महिला साहित्यकारों ने भारत को स्वतंत्र कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिवीरों पर आधारित रचनाओं का पाठ किया.... जिनके काव्यांश इस प्रकार हैं÷क्रांतिवीरों की तमतमाई आंखों में उतरा रक्तबिंब नीले समंदर को भी रक्तवर्णी बना देता है। आज भी... सच कितना कुछ सहा होगा मां भारती के पुजारियों ने।÷कुंदा जोगलेकर÷अज्ञात एवं अल्प ज्ञात शहीदों का स्मरण करें क्योंकि वे देश का गर्वित कीर्ति स्तंभ हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भावी पीढ़ी वीर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और जुनून की गाथा को जाने समझे और इस तरह वे स्वतंत्रता की कीमत समझकर देश की एकता अखंडता को बनाए रखने में अपना योगदान दें।÷सुनीता पाठक÷पृथ्वीराज चौहान जैसे वीरों की इस धरा पर नई किरणों के साथ सूर्य फिर से उगेगा।÷ कहानी ÷एक डॉक्टर का लव जिहाद÷डॉ मंदाकिनी शर्मा÷तुम बिन रीता लागत मेला, तुम बिन सीमा, देश अकेला

मैं ग्वाँरी तुम पर हूँ वारी, आँखन मग पोंछत दिन सारी
मैं सैनिक की छाँह हूँ, मन में धारूँ धीर
दुनिया से मुन्दकाय हूँ, मैं अँखियन की पीर÷
डॉ करुणा सक्सेना
÷रामनवमी मनाते मनाते, राम गुण गाते गाते,
हर मां चाहती है कि उसका बेटा भी राम बने÷
मंजुलता आर्य
÷मातृभूमि की सेवा से बढ़कर कोई सत्कर्म नहीं
राष्ट्रधर्म के ऊपर आए ऐसा कोई धर्म नहीं÷
उमा उपाध्याय
÷वंदना भारती की वह गाती रही, क्रांति की वह मशाल जलाती रही
लक्ष्मी बाई को रेखा का सादर नमन, अपने प्राणों की आहुति चढ़ाती रही÷
रेखा दिक्षित
÷सशक्तिकरण महिला का चेहरा सरोजिनी जी के रूप में जान रहे
उनके संघर्षो के पथ से उनको राजनीति तक पहचान रहे÷
प्रतिभा दुबे
÷तपोभूमि जब हुई कारागार, स्वतंत्रता का अक्षुण्ण मंत्रोचार,
जीवन पुष्प ले कर में, किया क्रांति का जय जयकार÷
व्याप्ति उमड़ेकर
÷तीन रंग का चोला ओढ़े आए आय अमर जवान
कतरा कतरा लहू बहाया वतन की खातिर लहूलुहानसी
पलक सिकरवार
÷जहां संवेदनशीलता और सशक्तता का संगम होता है, वहां स्त्री का जन्म होता है÷
जान्हवी नाईक

इस अवसर पर मोनिका जैन उपस्थित रहीं एवं युवा साहित्यकार शिवम सिसोदिया ने मां पर आधारित अपनी कविता का भी पाठ किया

विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड 18 एवं 28 में सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत जी.एम. सेक्टर वाली गली, जी.एच. सेक्टर वाली गली, एल.एस.टी.एम स्कूल वाली गली में डामरीकरण रोड के लिये एवं वार्ड क्रमांक 28 में कुम्हरपुरा देसी कलारी वाली गली में बनने वाली सी.सी. रोड निर्माण के लिए आम जनता के साथ भूमिपूजन किया। इस मौके पर विधायक डॉ. सिकरवार ने आमजनों से चर्चा करते हुये कहा कि आप लोगों की मांग पर इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रीय जनता को काफी सुविधायें उपलब्ध होगीं। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को अनवरत जारी रखा जायेगा। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और विधायक ने लोगों की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी, पार्षद श्रीमती गायत्री मण्डेलिया, योगेन्द्र सिंह नौनेरा, सुधीर मण्डेलिया, डॉ. कमलेश इंदौरिया, डॉ. रविन्द्र कुशवाह, रामबाबू श्रीवास, सागरनाती, राजेश तोमर, आवेद नकवी, अशोक सुमन, अरूण कटारे, दलवीर बौहरे, गौरव तिवारी, श्रीमती शशि मण्डेलिया, प्रीति शर्मा, केशव शर्मा, जबर सिंह गुर्जर, रवि रमन, मनोज वर्मा, राजवीर सिसोदिया, आर.के. श्रोतिय, टेक सिंह, विशाल बागरे, रमेश झा, मोहन

राजा भदौरिया, बृजेन्द्र सिंह तोमर, गुड्डू राजावत, राघवेन्द्र तोमर, विनोद गुर्जर, शैलेन्द्र कुशवाह, राजेन्द्र त्रिपाठी, राजदीप भदौरिया, अछेन्द्र कुशवाह, पुनीत बैस, हितेन्द्र यादव, राजेश तोमर, पंचम भदौरिया, गौतम कौशल, राजू बाथम, पप्पू पंण्डित, बैनर्जी, गिर्राज डण्डोतिया, रामहेत जाटव, एड. अजय गुप्ता, देव आनंद ऐसवार आदि मौजूद रहे।'हाथ से हाथ जोड़ों' पद यात्राः- ग्वालियर। आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मुरार ब्लॉक में शाम 5 बजे वार्ड 25 के मुरार नारकोटिक्स ऑफिस के सामने आजाद नगर पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा शुरू की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। पद यात्रा नारकोटिक्स ऑफिस के सामने आजाद नगर से प्रारम्भ होकर आजाद नगर की समस्त गलियां और बैजल कोठी सभी गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर क्षेत्रीय नागरिकों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, कार्यवाहक अध्यक्ष चर्तुभुज धनोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, अनूप शिवहरे, अनिल शर्मा, पार्षद केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, रूपेश दुबे, राहुल गुर्जर, प्रतीक जैन, पूर्व पार्षद जसवंत शेजवार, विकास उपाध्याय, सतेन्द्र सिकरवार, बिल्ला सिकरवार, हिमांशु कीकन, कुंती सगर, रेखा जाटव, हरेन्द्र नागर, राजेश तोमर, बृजेन्द्र सिंह तोमर 'कल्लू', राकेश कुशवाह, रामलाल बाथम, अजय पचौरी, शिवम करैया, लवकेश पचौरी, प्रदीप गुर्जर, अलाउद्दीन, चंदन राठौर, गोविन्द थौराठ आदि मौजूद रहे।

शहर के युवाओं ने उठाया गऊ सेवा का बीड़ा, स्वयं के खर्च पर कर रहे है उपचार।

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-ग्वालियर शहर में लगातार 12 साल से सेवा कर रही गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर की टीम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं टीम के सभी सदस्य दिन रात निःस्वार्थ भाव से सेवा में 24 घण्टे तत्पर रहते हैं ये ना दिन देखते हैं ना रात, ना धूप ना बारिश कल जब शहर में बारिश हो रही थी तब गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर के सदस्य गौसेवा में लगे हुये। गोपाल गौसेवा समिति ग्वालियर को ग्वालियर रोडवेज बस स्टेंड के पास से सूचना मिली कि एक गौमाता के पैर में घाव हो गया है जिसके कारण उनके पैर से अत्याधिक मात्रा में खून निकल रहा है जिसका उपचार आज टीम के सदस्य केशव पटेल व निक्की जैन ने मौके पर ही किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ग्वालियर की महिला उद्यमी सोनाली से की चर्चा

ग्वालियर।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर की महिला उद्यमी सुश्री सोनाली चौहान से ऑनलाइन सीधे संवाद किया। उन्होंने सोनाली से पूछा कैसी हैं सोनाली जी आपको व्यवसाय के लिए ऋण लेने में कोई परेशानी तो नहीं हुई। सुश्री सोनाली चौहान को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा जयेन्द्रगंज फास्ट फूड रेस्टोरेन्ट एवं पिज्जा निर्माण के लिए 20 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोजगार दिवस एवं एसएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिला उमरिया में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से राशि स्थानंतरित की। ग्वालियर जिले का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव उपस्थित हुई । जिला स्तर पर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य विभागीय स्वरोजगार योजना में लाभान्वित 137 हितग्राहियों को एक करो? 95 लाख 77 हजार रुपए का हितलाभ स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया में प्रदेश स्तरिय कार्यक्रम से ग्वालियर जिले से स्वीकृत उद्योग विकास अनुदान की 21 इकाईयों को राशि 4 करो? 95 लाख रुपए का भुगतान सिंगल क्लिक के माध्यम से किया । ग्वालियर एनआईसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग राजन सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि प्रवीण संघलेकर एवं ग्राम बोर्ड प्रबंधक ए के शर्मा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण प्राथमिकता से करें : संभाग

ग्वालियर । मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण 15 अप्रैल 2023 तक दर्ज मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। संभागीय आयुक्त श्री दीपक सिंह ने अंतर विभागीय समन्वय समिति के बैठक में विभागीय अधिकारियों को उक्त संबंध में निर्देश दिए है। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना और किसानों की ऋण माफी के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। संभागीय आयुक्त सिंह कहा है कि ग्वालियर संभाग में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत कुल 2639 शिविरो का आयोजन किया गया। जिनमें 2 लाख 85 हजार 145 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 2 लाख 26 हजार 286 आवेदन पत्रों में स्वीकृति जारी कि गई। 1 हजार 818 आवेदन पत्र पात्रता न होने पर अस्वीकृत किए गए है। शेष प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी तत्परता से की जाए। संभागीय आयुक्त सिंह ने

अभियान के तहत सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। 15 अप्रैल 2023 तक ग्वालियर संभाग में 36 हजार 820 शिकायतें दर्ज की जिनमें से 9 हजार 428 शिकायतों का निराकरण किया गया । इसके साथ ही 956 शिकायतें विशिष्ट कारणों से लंबित है। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण तेजी के साथ करें। संभागीय अधिकारी निरंतर समीक्षा कर सभी लंबित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। संभागीय आयुक्त सिंह ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्राप्त आवेदन पत्रो के परीक्षण का काम जून माह के अंत तक सुनिश्चित किया जाए। ताकि निर्धारित समय से स्वीकृति पत्र वितरण का कार्य किया जा सकें। मुख्यमंत्री किसान ऋण माफी योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय पर आवेदन पत्र प्राप्त कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जा सकें। बैठक में सभी विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जन सेवा अभियान की जमीनी हकीकत जानने ग्रामीण पहुँचे कलेक्टर

ग्वालियर। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गलियों-गलियों जाकर और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की कठिनाईयाँ व परेशानियाँ जानी। साथ ही पैदल-पैदल लम्बी दूरी तय कर सरकार के अनुदान से एक प्रगतिशील किसान द्वारा स्थापित बकरी व मुर्गी पालन केन्द्र का जायजा लिया। वे बुधवार को मुरार जनपद पंचायत के ग्राम बिजौली और शहर के वार्ड-62 से जुड़े ग्राम मैथाना में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान ङ्क द्वितीय चरण एवं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत महिलाओं के डीबीटी कार्य की जमीनी हकीकत जानने पहुँचे थे। कलेक्टर सिंह ने ग्राम बिजौली की चौपाल में ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्यायें सुनीं। साथ ही उन्हें रचनात्मक कार्यों के लिये प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे गाँव में पनप रही गाजर घास का मिलजुलकर खात्मा करें। इसी तरह गाँव की गलियों में चौक हो चुकीं नालियों को साफ करने में ग्राम पंचायत की मदद करें। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय किसानों को भरोसा दिलाया कि आपके क्षेत्र की नहर की मरम्मत की पहल की जायेगी। ग्राम बिजौली के अंतर्गत प्रगतिशील किसान राजेन्द्र सिंह पाल द्वारा राष्ट्रीय पशुधन विकास मिशन के तहत एक करोड़ रूपए की लागत से स्थापित किए गए बकरी फार्म का जायजा भी कलेक्टर सिंह ने इस दौरान लिया। यह फार्म स्थापित करने के लिये सरकार द्वारा 50 लाख रूपए का अनुदान प्रदान किया गया है। राजेन्द्र सिंह इस फार्म में सफलतापूर्वक मुर्गी पालन का काम भी कर रहे हैं।

मंडल बिलौआ की कार्यसमिति बैठक हुई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । भारतीय जनता पार्टी

मंडल बिलौआ की मंडल कार्यसमिति बड़े ही भव्य रुप से मकोड़ा पर आयोजित की गई जिसने मुख्य रूप से जिला महामंत्री भाजपा गोरिया ग्रामीण श्री दीपक माहौर जी एवं मंडल अध्यक्ष बिलौआ श्री अरविंद शर्मा जी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आदरणीय सुरेंद्र यादव जी ने की इस मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य मलूक सिंह राणा जी मंडल उपाध्यक्ष विजेंद्र किरार , रणवीर बघेल जी पुष्पेंद्र कुशवाहा विष्णु यादव मंडल महामंत्री गणेश चौरसिया वीर सिंह मिलान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सोनू कुशवाह अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष आरिफ खान महिला मोर्चा अध्यक्ष मंदा शर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वकील गुर्जर, रवि भदौरिया ,राजेंद्र परसेदिया, सुनील शर्मा,हरचरण बघेल,मोहन सिंह कुशवाह,प्रमोद दुबे,गौरव चौरसिया, संतोष कुशवाहा, वीरेंद्र यादव,प्रताप चौहान,कमल सिंह परिहार,मुलायम बघेल,कमल किशोर चौरसिया, बल्लू भदौरिया,अजय कमरिया,पुन्नू कमरिया, छवि राम बघेल, लव कुमार दुबे,कल्याण धानुक,इंदर सिंह कुशवाह,जगराम कुशवाह एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

सभी को खाना सभी को पानी मानवता की यही निशानी

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर– शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में अलग अलग जगह पानी के सकोरे और अनाज रखकर भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत दिलाने के लिए एक छोटा सा प्रयास किया गया।इस अवसर पर छात्राओं ने प्लास्टिक का रियूज करते हुए पुराने प्लास्टिक की बोतल,मग इत्यादि को काटकर सकोरे जैसा आकार दिया गया और उसमें पक्षियों के लिए दाना रखा गया।साथ ही स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में अन्य छात्राओं को भी इसके प्रति जागरूक किया।साथ ही छात्राओं ने कहा कि वे अपने घरों में भी पक्षियों के दाना पानी रखेंगी।उन्होंने यह भी बताया कि पक्षियों के प्रति दयाभाव के लिए समाज के सभी जनो को प्रेरित करने का कार्य करेंगी।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम आर कौशल और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला, डॉ कृष्णा सिंह और डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478